


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

आवश्यकता है
ज्वेलरी दुकान में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समेन व सेल्स गर्ल की आवश्यकता है।
-: संपर्क करें :-
सुनालिया ज्वेलर्स
पावर हाउस रोड कोरबा

वर्ष 34 अंक 345 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 15 सितम्बर 2023 डाक 16 सितम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने रबर किसानों की समस्याओं को उजागर करने के लिए नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया




**देश-विदेश**

जम्मू में 21 से एयर शो में ताकत दिखाएगी वायुसेना, आम लोग भी हो सकते हैं शामिल



**कोरिया जिला**

जमीन कब्जाने को लेकर लोगों ने निकाले हथियार



## ईडी के समन के खिलाफ हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, जमीन घोटाले से जुड़ा है मामला



**रांची, 15 सितम्बर [एजेंसी]।**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। उक्त याचिका सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अदालत में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के समन को अवैध बताते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया है। उनकी ओर से ईडी को पत्र लिखकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल किए जाने की जानकारी भी दी गई है। हेमंत सोरेन ने ईडी की कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा है कि उन्हें राजनीतिक वजहों से परेशान किया जा रहा है। वह पूर्व में ही ईडी को अपनी संपत्तियों की जानकारी दे चुके हैं। अगर ईडी के पास वह गुम हो गया है तो वे फिर से इसे उपलब्ध करा सकते हैं। ईडी लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित सरकार को अस्थिर करना चाहती है। इससे पूर्व अवैध खनन मामले में ईडी ने सीएम हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए समन किया था।

उस दौरान वे ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे और ईडी के सभी प्रश्नों का जवाब भी दिया था। पूछताछ के दौरान संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी ईडी को उपलब्ध कराए गए थे। फिर से ईडी की ओर से समन जारी करना उचित नहीं है। ईडी के पास उनकी संपत्ति से संबंधित सभी दस्तावेज भी उपलब्ध हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से राहत प्रदान करने की मांग की है।

# ईडी ने की महादेव बुक ऐप की 417 करोड़ की संपत्ति सीज

**रायपुर-भोपाल 15 सितम्बर [एजेंसी]।**

ईडी ने महादेव बुक ऐप पर बड़ी कार्रवाई की है। 417 करोड़ रुपये की संपत्ति सीज की गई है। इसे महादेव बुक ऐप पर अब तक की बड़ी कार्रवाई बताई जा रही है। हालांकि मामले में कई सफेदपोश नामों के खुलासे होने अभी बाकी है। महादेव ऑनलाइन सट्टा मामले में पुलिस के एएसआई चंद्रभूषण वर्मा सहित 4 आरोपियों को 10 दिनों की न्यायिक हिरासत आज खत्म हो रही है। सभी को आज दोपहर पुनः कोर्ट में पेश किया जाएगा।सुनवाई विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में होगी। इसी मामले में कोर्ट ने दो आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया है। ईडी ने रायपुर और दुर्ग में छापेमारी के दौरान वकील, पुलिस, ट्रांसपोर्टर, सीए और जमीन कारोबारियों को



शिकंजे में लिया है। इस दौरान पी एम एल ए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के तहत चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी की ईडी ने 2 बार रिमांड ली थी। बीते दस दिनो में ईडी ने सीएम के सलाहकार विनोद वर्मा, उनकी पत्नी, दोनों पुत्रों और बहनोई से पूछताछ की है। इस बीच ऑनलाइन सट्टा एप के आरोपी संचालक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था।

दोनों आरोपी इस वक्त विदेश में हैं। वारंट जारी होने के साथ ही उन्हें भारत लाने की तैयारी शुरू कर दी है। ईडी ने इन दोनों की गिरफ्तारी के लिए विदेश और गृह मंत्रालय समेत झारखंड, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, एमपी और महाराष्ट्र के अलावा अन्य राज्यों को भेजी जानकारी है। हालांकि अब तक कहीं से कोई सुराग नहीं मिला है। ईडी ने इंटरपोल की मदद से रेड कार्नर नोटिस जारी करवाने की भी बात कही है । इस आधार पर ईडी आज एएसआई वर्मा समेत चारों की जमानत पर आपत्ति करेगी।

## पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों के हिंदी प्रेम की सराहना की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियाई राजनयिकों के हिंदी प्रेम की सराहना की। वह 14 सितंबर को हिंदी दिवस के अवसर पर ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन द्वारा एक्स पर एक पोस्ट का जवाब दे रहे थे। फिलिप ग्रीन ने उच्चायोग में अपने सहयोगियों की पसंदीदा हिंदी कहावतें और दोहा सुनाते हुए क्लिप साझा किया था। पीएम मोदी ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, कहावतों और दोहों का आपका कथन मंत्रमुग्ध कर देने वाला है और हिंदी भाषा के प्रति आपका प्रेम काफी दिलचस्प है। हिंदी दिवस हर साल 14 सितंबर को मनाया जाता है। 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया था कि हिंदी देश की आधिकारिक भाषा होगी।

## सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत, घर में मचा कोहराम



**तिरूपति, 15 सितम्बर [एजेंसी]।**

आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या और चित्तूर जिलों में शुक्रवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। अन्नामय्या जिले के मातमपल्ले गांव के पास एक तूफान व्हीकल, ट्रक से टकरा गया, इस हादसे में तीन महिलाओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब कर्नाटक के बेलगावी जिले के भक्तों का एक समूह तिरुमाला मंदिर में दर्शन के बाद घर लौट रहा था। मृतकों की पहचान शोभा (36), अंबिका (14), ड्राइवर हनुमंत (45), मनंदा (35) और हनुमंत (38) के रूप में हुई। हादसे में 11 अन्य लोग भी घायल हो गये। उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं चित्तूर जिले में एक अन्य दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना थावनमपल्ले मंडल में तेलगुंडलापल्ली के पास उस समय हुई जब एक एम्बुलेंस सड़क पर खड़ी एक दूध वैन से टकरा गई। एम्बुलेंस मरीज को लेकर बेंगलुरु से तिरुपति के रिम्स अस्पताल जा रही थी। एम्बुलेंस में मौजूद तीन अन्य लोगों की हादसे में मौत हो गई। मृतक ओडिशा के मूल निवासी था। इस हादसे में मरीज उमेश चंद्र साहू (46) की भी मौत हो गई। अन्य मृतकों की पहचान त्रिलोकचंद नाइक (63), रश्मिता साहू (45) और विजया नाइक (56) के रूप में हुई।

## पीएम मोदी ने देश के इंजीनियर्स को दी बधाई, डॉ. एम विश्वेश्वरैया को किया याद



**नईदिल्ली, 15 सितम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज इंजीनियर दिवस के मौके पर लोगों को बधाई दी। साथ ही, उन्होंने सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने पीढ़ियों को नवप्रवर्तन और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करते हैं।

गौरतलब है कि इंजीनियर्स डे को तत्कालीन मैसूर साम्राज्य के दीवान, इंजीनियर राजनेता मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता है। इसके उपलक्ष्य में पीएम मोदी ने पोस्ट भी शेयर किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, हम दूरदर्शी इंजीनियर और राजनेता सर एम विश्वेश्वरैया को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वह पीढ़ियों को नवप्रवर्तन और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। यहां चिक्काबल्लापुरा की झलकियां हैं, जहां मैंने इस साल की शुरुआत में अपनी यात्रा के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। साथ ही, इस मौके पर पीएम मोदी ने एक वीडियो भी शेयर किया और इसके कैप्शन में लिखा, इंजीनियर्स डे पर सभी मेहनती इंजीनियरों को बधाई! उनका अभिनव दिमाग और अथक समर्पण हमारे देश की प्रगति की रीढ़ रहे हैं। बुनियादी ढांचे के चमत्कारों से लेकर तकनीकी सफलताओं तक, उनका योगदान हमारे जीवन के हर पहलू को छूता है।

## कौशांबी में ट्रिपल मर्डर से सनसनी: ससुर, दामाद और बेटी की गोली मारकर हत्या, गुस्साए लोगों ने घरों में लगाई आग



**कौशांबी, 15 सितम्बर [एजेंसी]।**

**उत्तर प्रदेश के कौशांबी में गुरुवार देर रात जमीनी विवाद में सोते समय गोली मारकर ससुर, बेटी और दामाद की बेरहमी से हत्या कर दी गई। ट्रिपल मर्डर से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घटना से आक्रोशित स्वजनों ने आसपास मौजूद छह से सात घरों में आग लगा दी। जिससे वहां अफरातफरी फैल गई। आग की लपटों के साथ चारो ओर चीखने चिल्लाने की आवाजें आने लगीं। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल ने आग पर काबू पाया। वहीं घटना के बाद पूरे इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।**

छबिलवा निवासी 62 वर्षीय होरीलाल की जमीन पंडा चौराहा पर है। आसपास के कुछ लोगों से उसका विवाद चला आ रहा है। होरीलाल ने विवादित भूमि पर झोपड़ी डालकर अपना कब्जा कर रखा था। उसका 26 वर्षीय दामाद शिवसागर और 22 वर्षीय बेटी बृजकली निवासी कंकराबाद कोखराज भी इसी झोपड़ी में रह रहे थे।शिवसागर पास में ही किराये की दुकान लेकर सहज जन सेवा केंद्र चलाता था। रात होरी लाल अपने दामाद और बेटी के साथ झोपड़ी के बाहरी हिस्से में सो रहा था। परिवार वालों का कहना है कि रात को कुछ लोगों ने तीनों की गोली मारकर हत्या कर दी। सुबह करीब छह बजे स्वजन को घटना की जानकारी तब हुई जब वह मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों के घर पर सन्नाटा था। छबिलवा के ग्रामीण भी आ गए। अक्रोशित स्वजन और ग्रामीणों ने बंद घरों को आग के हवाले कर दिया। मौके पर पुलिस पहुंच गई है।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट गिरी, 4 मजदूरों की मौत



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में निर्माणाधीन साइट पर शुक्रवार सुबह एक लिफ्ट टूटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इस दर्दनाक हादसे के वक्त लिफ्ट के अंदर मौजूद चार मजदूरों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में निर्माणाधीन साइट पर लिफ्ट टूटकर नीचे आ गिरी। इसके चलते लिफ्ट के अंदर मौजूद चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल हालत में उन्हें इलाज के लिए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चारों की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी पहुंच रहे हैं।

## शहादत को सलाम: पानीपत में मेजर आशीष धौंचक को दी जा रही अंतिम विदाई, एक झलक पाने के लिए उमड़ा जनसैलाब

*__पानीपत__ । दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में आतंकियों और जवानों के बीच मुठभेड़ हुई। दोनों ओर से ताबड़तोड़ गोलियां चली। वहीं, इस मुठभेड़ में पानीपत के लाल और वीर सपूत मेजर आशीष धौंचक ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। बीती रात उनका पार्थिव शरीर कल चंडीगढ़ लाया गया फिर वहां से पानीपत भेजा गया। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है। मेजर आशीष धौंचक का शव अंतिम संस्कार के लिए गांव बिंझौल ले जाया जा रहा है। अब से कुछ ही देर में उनका शव बिंझौल पहुंचा दिया जाएगा, जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को पैदल अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाएगा। मेजर आशीष को अंतिम विदाई देने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा है। उनके पार्थिव शरीर को ले जाते समय पानीपत में स्कूली छात्रों और स्थानीय लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाए।*

## नूंह हिंसा: मामन खान को अदालत में पेश करने से पहले बढ़ाई सुरक्षा, राजस्थान से जुड़ी सीमा सील, धारा 144 लागू

**नूंह-मेवात, 15 सितम्बर [एजेंसी]।**

हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हुई हिंसा से पूर्व भड़काऊ पोस्ट करने के आरोप में कांग्रेस विधायक मामन खान को पुलिस ने गुरुवार को राजस्थान से गिरफ्तार किया था। आज कांग्रेस विधायक को एसआईटी अदालत में पेश किया जाएगा। बताया जा रहा है कि पुलिस शुक्रवार को आरोपित विधायक को अदालत में पेश कर सकती है। पुलिस ने विधायक को अदालत में पेश करने से पहले जिला के प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है ताकि किसी



भी आपात स्थिति से निपटा जा सके। पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से फिरोजपुर झिरका में दो कंपनी अतिरिक्त बल थाने बुलाकर ड्यूटी प्वाइंट पर लगाया गया है।

नूंह तथा फिरोजपुर झिरका और बड़कली चौक तथा आरोपित विधायक के गांव भादस में भी पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए हैं। प्रमुख जगहों पर आरएएफ की भी तैनाती की जा रही है। वहीं, प्रशासन ने जिले में धारा 144 लागू कर राजस्थान से जुड़ी सीमाओं पर नाकेबंदी कर दी है और वाहनों की जांच करने के बाद ही लोगों को जिला में प्रवेश करने दिया जा रहा है। साथ ही प्रशासन ने लोगों से जुमे की नमाज अपने घर पर ही अदा करने की अपील की है। मामन फिरोजपुर झिरका विधानसभा क्षेत्र से विधायक है।

## सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसौदिया की अंतरिम जमानत पर सुनवाई 4 अक्टूबर तक स्थगित की



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई 4 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने कहा कि सुनवाई की तारीख आज या किसी अन्य दिन तय करेंगे। सिसौदिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अनुरोध किया, यदि इस मामले को 4 अक्टूबर को किया जाय, तो सुनवाई के लिए काफी समय मिल जाएगा। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए। सिसोदिया ने मानवीय आधार पर अपनी बीमार पत्नी सीमा से मिलने के लिए अंतरिम जमानत की अर्जी लगाई है और उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत की है। 4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया था।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथैरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड
घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## एमसीयू के दीक्षा समारोह में पहुंचे उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, विद्यार्थियों को प्रदान की उपाधि

**भोपाल, 15 सितम्बर [एजेंसी]।**



राजधानी में बिशनखेड़ी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) के नए परिसर में पहली बार दीक्षा समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल हैं। सुबह करीब 11 बजे उपराष्ट्रपति एमसीयू पहुंचे और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान के कुलपति प्रो. केजी सुरेश ने स्वागत उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव, सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और संस्थान के कुलपति केजी सुरेश भी उपस्थित हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने संस्थान के विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। जून 2018 से दिसंबर 2022 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में विद्याथियों समेत सभी लोग पारंपरिक भारतीय परिधान में पहुंचे। पुरुष विद्यार्थी जहां कुर्ता-पायजामा और सिर पर साफा पहने हैं। वहीं महिला विद्यार्थी साड़ी और साफे में नजर आ रही हैं। समारोह में धारण किए जाने वाले अंग वस्त्र केरल से मंगाए गए हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दीक्षा दी गई। इसमें विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई कि आपको गौरव मिले, जिनसे आपकी विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़े और समस्त मानवता का कल्याण हो। देश के प्रति आपका नैतिक दायित्व है। राष्ट्र के सुख दुख को अपना सुख-दुख समझें अपने चरित्र और बुद्धि के विकास से राष्ट्र को समृद्ध और सुखी बनाएं कि आपकी शिक्षा आपको तेज प्रदान करें और शुभ प्रेरणाय जीवन के विकट संघर्षों में भी आपकी मानवता और विश्वास अटल रहे। इसके उपरांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने का सिलसिला शुरू हुआ। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पीएचडी स्कालर आलोक कुमार पांडे, दिनेश कुमार राय, निधि जैन, स्निग्धा वर्धन आदि उपाधि प्रदान की गई।

छात्रा बागेश्वरी नंदिनी को स्वर्गीय डाक्टर अनिल चौबे स्मृति मेडल से सम्मानित किया गया। अंजली कुमारी को रामेश्वर तिवारी मेडल से सम्मानित किया गया। उपराष्ट्रपति द्वारा 18 पीएचडी स्कालर समेत कुल 21 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। तीन विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। समारोह के दौरान स्नातकोत्तर व पीएचडी के कुल 443 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी।

# उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उमरेली का नाम रौशन करें छात्र-छात्राएं: महंत

## उमरेली में नवीन महाविद्यालय का हुआ शुभारंभ, डॉ महंत ने किया उद्घाटन





### मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम में की थी नवीन महाविद्यालय शुरू करने की घोषणा

कोरबा । मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा ग्राम चिर्रा के भेंट मुलाकात में किए गए घोषणा के तहत जिले के सीमावर्ती ग्राम उमरेली में नवीन शासकीय महाविद्यालय का आज से शुभारंभ हो गया। मुख्य अतिथि डॉ चरणदास महंत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा ने नवीन महाविद्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उमरेली जैसे गाँव में कॉलेज का खुलना एक बड़ी उपलब्धि है। यह सब क्षेत्र के लोगों के प्रयास और मुख्यमंत्री की वजह से हो पाया है। इस कॉलेज में उमरेली सहित आसपास गाँव के सभी बच्चे पढ़ेंगे। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने-अपने बच्चों को पढ़ने के लिए अवश्य भेजे और यहाँ पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा हासिल कर उमरेली का नाम रौशन करें। इस दौरान कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, खाद्य आयोग के सदस्य श्री हरीश परसाई, अध्यक्ष जनपद पंचायत करतला श्रीमती सुनीता कंवर, पूर्व विधायक श्री श्याम लाल कंवर, कलेक्टर श्री सौरभ कुमार, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू, श्री सुरेन्द्र जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

उमरेली में नवीन कॉलेज का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि डॉ महंत ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास हुआ है। अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ हुआ है। नरवा, गरवा, घुरवा और बारी जैसी योजना के अलावा राजीव गाँधी किसान न्याय योजना, मजदूर न्याय योजना, कर्ज माफी से किसानों को लाभ मिला है। आने वाले दिनों में ज्यादा मात्रा और ज्यादा राशि में धान की खरीदी भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज गाँव-गाँव योजनाएं पहुँच रही है और विकास हो रहा है। उमरेली सहित दूरदराज गांवों में कॉलेज खुलना विकास का उदाहरण है, अन्यथा कॉलेज में पढ़ाई के लिए बिलासपुर, नागपुर तक जाना पड़ता था। उन्होंने गाँव में सभी को भाई-चारे के साथ रहने, एक दूसरे का सहयोग करते हुए गाँव के विकास में सबको सहभागी बनने की अपील की और कहा कि नवीन महाविद्यालय में गाँव के बच्चों का भविष्य टिका है, इसलिए सभी की अपनी जिम्मेदारी है कि वे उच्च शिक्षा में आगे बढ़ने अपने बच्चों को प्रेरित करेंगे। उन्होंने चिटफंड जैसे संस्थाओं में अपनी कमाई नहीं लगाने और जागरूक बनने की अपील भी की। सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने उमरेली में महाविद्यालय संचालन होने पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में किसी को उच्च शिक्षा से वंचित नहीं होना पड़ेगा और विद्यार्थियों के एक सुनहरे भविष्य का निर्माण होगा। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने शिक्षा को विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया और उच्च शिक्षा से विद्यार्थियों के जीवन में एक नया द्वार खुलने की बात कही।

### स्वीप गतिविधियों के संपादन हेतु विधानसभावार स्वीप नोडल अधिकारी किए गए नियुक्त

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए चुनाव अवधि एवं गैर चुनाव अवधि में स्वीप गतिविधियों के संपादन हेतु जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिए विधानसभावार नियुक्त किए गए स्वीप नोडल अधिकारियों की आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नवीन आदेश जारी किए हैं। जिसके अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा श्री विकास चौधरी मोबाइल नंबर 7067897239 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 20 रामपुर हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

इसी प्रकार अपर आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा खजांची कुमार मोबाइल नंबर 9753437043 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटघोरा यशपाल सिंह मोबाइल नंबर 7000817214 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 22 कटघोरा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली भूपेन्द्र सोनवानी मोबाइल नंबर 9165598266 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 23 पाली तानाखार हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## हिन्दी दिवस पर गर्ल्स कॉलेज में हुई प्रशोनत्तरी प्रतियोगिता



कोरबा। हिन्दी दिवस के अवसर पर आज शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा के हिन्दी विभाग के द्वारा महाविद्यालय में अध्यनरत हिन्दी साहित्य की छात्राओं के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं तात्कालिक भाषण का आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती संध्या पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. डेज़ी कुजूर, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी के द्वारा किया गया।

हिन्दी विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय की हिन्दी साहित्य की 26 छात्राओं ने भाग लिया। इसके पश्चात छात्राओं के लिए तात्कालिक भाषण का आयोजन किया गया। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हिंदी दिवस की उपयोगिता विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 10 छात्राओं ने बड़े ही प्रभावशाली तरीके से अपने विचार प्रस्तुत किये । हिन्दी साहित्य की छात्राओं के लिए आयोजित उक्त प्रतियोगित के निर्णायक मंडल में हिन्दी साहित्य की छात्राएं रेणुका केसरी, यशोदा और अवंतिका ने अपने विवेक और ज्ञान के आधार पर प्रतिभागियों का परीक्षण कर निष्पक्ष निर्णय दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कु. पूर्णिमा यादव बी.ए. अंतिम वर्ष, कु. श्रद्धा जांगड़े एम.ए.(हिंदी) प्रथम सेमेस्टर द्वितीय स्थान पर रहीं जबकी कु. वंदना पंडित बी.ए. अंतिम वर्ष, तृतीय स्थान पर रही।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं विजेताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही हिन्दी विभाग के द्वारा अपनाए गए नवाचार की सराहना भी की।

## राजस्व मंत्री अग्रवाल ने धनराज कुंवर स्वास्थ्य केन्द्र में सोनाग्राफी मशीन का किया शुभारंभ



कोरबा । मंत्री राजस्व व आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, पंजीयन एवं स्टाम्प ड्यूटी छत्तीसगढ़ शासन श्री जयसिंह अग्रवाल ने विगत दिवस को कोरबा के रानी धनराज कुंवर शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार हेतु सोनीग्राफी मशीन का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कोरबा जिले के लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। पूर्व में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, पाली में सोनोग्राफी मशीन का संचालन होने से क्षेत्र की जनता को सोनोग्राफी का लाभ मिल रहा था। अब रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से कोरबा तथा आस-पास क्षेत्र की जनता को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगे भविष्य में इस चिकित्सालय में एक्स-रे की सुविधा के साथ ही अन्य सुविधाओं का विस्तार होगा। इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी ने बताया कि रानी धनराज कुंवर देवी शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ होने से कोरबा शहरी क्षेत्र तथा आस-पास के क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि निजी चिकित्सा संस्थानों में सोनोग्राफी का दर अधिक होने के कारण आम जनता को काफी दिक्कते होती थी। अब केंद्र में सोनोग्राफी की सुविधा मिलने से आंतरिक बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति तथा गर्भवती महिलाओं को अपने गर्भस्थ शिशु की स्थिति जानने के लिए निजी चिकित्सकों के पास नहीं जाना पड़ेगा। इससे क्षेत्र की जनता को आसानी से यह सुविधा मिलेगी जिससे उनकी समय और धन की बचत होगी ।इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक राज, डॉ. राकेश अग्रवाल, चिकित्सा अधिकारी, पी.जी.एम.ओ. रेडियोलॉजी, श्री भुवनेश्वर राज सहित गणमान्य नागरिक तथा चिकित्सालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

कोरबा । कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 15 सितंबर को शाम 04 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी और 28 सितंबर को ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी), अनंत चतुर्दशी, भगत सिंह जयंती को शांति पूर्वक मनाए जाने हेतु आवश्यक चर्चा की जाएगी।

## उद्योगों को संपत्ति कर से मिली मुक्ति, जताया आभार

कोरबा। उद्योग को संपत्ति कर से मुक्त करने का काम प्रदेश सरकार के द्वारा हाल में ही किया है जिला उद्योग संघ ने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया है।

कोरबा जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधीया ने मुख्यमंत्री को एक पत्र इस बारे में भेजा है। पत्र में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रांत के समस्त क्षेत्रों में विकास परिलक्षित हो रहा है तथा सभी वर्गों का आपके द्वारा स्मरण रखते हुए राहत पहुंचाने का क्रम भी अनवरत रुप से जारी है। सरकार के निर्णय का सम्मान करते हुए समस्त उद्योग जगत / जिला उद्योग संघ कोरबा ने धन्यवाद प्रेषित करता है व आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आपका आभार व्यक्त करता है। पृ.क्र एफ क्र-1/2023/18 नवा रायपुर अटल नगर, 13/09/2023 जारी आदेश को पढ़कर हम सब कृतघ्न हो गये। आपके कार्यकाल के आरंभिक दौर में आपके द्वारा कहे गये हुए शब्द जो कहा सो किया को हकीकत में बदलते हुए लोग अपने आंख से देख सक रहे हैं, सुन सक रहे हैं, महसूस कर सक रहे हैं ।प्रदेश का उद्योग जगत दोहरे करारोपण व्यवस्था से आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा था नगर पालिक निगम के द्वारा स्वयं से आरोपित सम्पत्तिकर को जमा करने के लिए बार-बार दबाव बनाया जा रहा था। इस विषय को लेकर उद्योग संघ के प्रतिनिधि मंडल ने आपसे भेंट मुलाकात की और इस और आपका ध्यान आकृष्ट कराया, जिसे आपके द्वारा तत्काल संज्ञान में लेकर इस समस्या से स्थायी समाधान करते हुए उपरोक्त घोषणा आपके द्वारा की गयी। तत्पश्चात आज दिनांक को आपके निर्देश पर शासन से आदेश पारित कर दिया गया है। साथ ही हम सभी आभारी है आपके पूरे मंत्री मण्डल के जिन्होनें इस विषय पर एक मत से सहमती प्रदान की.। उद्योग मंत्री कवासी लखमा नगरीय प्रशासन मंत्री शिव कुमार डहरिया एवं राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल का जिनका इस विषय पर भरपूर सहयोग व मार्गदर्शन समय-समय पर प्राप्त होता रहा।

### 15 नवंबर भाई दूज के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित

कोरबा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने कैलेण्डर वर्ष 2023 के लिए जिले में 15 नवंबर 2023 दिन बुधवार (भाई दूज) के ऐच्छिक अवकाश को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि पूर्व में जिले में दीपावली के दूसरे दिन (गोवर्धन पूजा) 13 नवंबर 2023 दिन सोमवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया था।

### इंडस स्कूल की छात्रा कल्पिता छत्तीसगढ़ी सिनेमा में कार्य करने हेतु हुई चयनित

कोरबा। व्यक्ति में यदि सीखने का जुनून हो तो वह किसी भी क्षेत्र में अपना भविष्य सुरक्षित कर सकता है वह इन्हीं सब बातों को सच प्रतिशत चरितार्थ करते हुए इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा कल्पिता सिंह ने* छत्तीसगढ़ी सिनेमा में अपना मुकाम बनाने हेतु एक अलग छाप छोड़ने प्रारंभ कर दी है अभी हाल ही में इंडस पब्लिक स्कूल की छात्रा कल्पिता सिंह का चयन नामचीन छत्तीसगढ़ी कलाकारों के साथ कार्य करने हेतु विभिन्न एल्बम्स में किया गया। यह एल्बम रिलीज भी हुए और दर्शकों ने कल्पिता सिंह की नृत्य शैली को भरपूर सराहा। यहां यह बताना लाजिमी होगा कि आने वाले दिनों में अति शीघ्र कल्पिता सिंह की कला को हमें छत्तीसगढ़ी सिनेमा में भी देखने का अवसर मिलेगा। इनका चयन विभिन्न छत्तीसगढ़ी सिनेमा हेतु किया गया है।




# सूदखोरों की प्रताड़ना से नारकीय जीवन जीने लोग मजबूर

## प्रशासन की लापरवाही से जिले में फलफूल रहा अवैध सूदखोरी का कारोबार

### दस से बीस फीसदी ब्याज पर रकम देकर वसूली के लिए सीमा लांघ रहे सूदखोर




**जांजगीर-चांपा।** जिले में सूदखोर जरूरतमंदों को ब्याज में दिए रकम की वसूली करने किसी भी हद तक जाने जरा भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। सूदखोरों की प्रताड़ना से तंग आकर आए दिन लोग मौत को गले लगाने मजबूर हैं। कुछ साल पहले ही सक्ती क्षेत्र के ग्राम टेमर निवासी एक युवक ने अपने तीन बच्चां के साथ मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी थी, वहीं फिर सूदखोरों की प्रताड़ना से त्रस्त कुरदा गांव के एक ग्रामीण ने कलेक्टर जनदर्शन में जहर पीकर खुदकुशी कर ली थी। चंद दिनों के अंतराल में हुई इन दो घटनाओं ने सूदखोरों के खिलाफ प्रशासन को सोचने मजबूर कर दिया था। धरातल पर सूदखोर आतंक मचाकर रखे हैं। जिला प्रशासन की ढिलाई से सूदखोर बेखौफ होकर आम लोगों को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने कोई भी सीमा लांघ दे रहे हैं।

सरकार ने सूदखोरों पर शिकंजा कसने के लिए कर्ज एक्ट भी बनाया है। इसके तहत सूदखोरी का व्यवसाय करने वालों को पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही रियायती दर पर कर्जदारों की सूची की जानकारी एकत्रित करनी होगी। लेकिन जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में दस से बीस प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज दर लगाकर अवैध तरीके से रकम दी जा रही है। गरीबी के साथ ही जरूरतमंद लोग इनके चंगुल में फंस जा रहे हैं। सूदखोरों के चंगुल में एकबार फंसने के बाद ज्यादातर लोग मौत को गले लगाने के बाद ही इनकी प्रताड़ना से मुक्ति पाते हैं। कुछ साल पहले चांपा से लगे ग्राम कुरदा निवासी जगदीश बघेल ने चांपा के ही सूदखोरों से ब्याज में रकम ली थी। समय पर ब्याज और रकम अदा नहीं कर पाने की स्थिति में जगदीश ने अपनी जमीन भी उन लोगों के पास बेच दी, लेकिन इतने में भी उनका पेट नहीं भरा। जमीन मिलने के बाद सूदखोरों की लालच और बढ़ गई। नतीजतन, सूदखोरों ने बेची गई जमीन से अधिक पर न केवल कब्जा जमाया, बल्कि फिर उससे रकम मांगने लगे। मसलन, सूदखोरों से मुक्ति पाने जगदीश ने मौत को गले लगा लिया।

इसके बाद सक्ती क्षेत्र के टेमर निवासी युवक ने अपने तीन बच्चों के साथ मालगाड़ी के सामने कूदकर जान दे दी थी। इस मामले में भी युवक के कर्ज तले दबे होने की जानकारी सामने आई थी। इन दोनों घटनाओं ने जिला प्रशासन की नींद उड़ा दी थी। जनदर्शन में पहुंचे जगदीश ने आत्महत्या कर एक प्रकार से जिला प्रशासन को आगाह किया था, लेकिन विडंबना यह है कि यह मामला एक समय के बाद फाइलों में गुम हो गया। फिर सब अपने-अपने काम में व्यस्त हो गए। मसलन, सूदखोरी के कारोबार से लोग नारकीय जीवन जीने मजबूर है।



## चरणदास ने किया दर्शन भगवान शिवरीनारायण का

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत ने शिवरीनारायण पहुंचकर भगवान शिवरीनारायण का दर्शन पूजन किया प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉक्टर महंत दिनांक 13 सितंबर को संकल्प शिविर में भाग लेने के लिए शिवरीनारायण पहुंचे थे, कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत वे मठ मंदिर पहुंचकर श्री शिवरीनारायण मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज के साथ भगवान शिवरीनारायण का दर्शन पूजन किये। इस अवसर पर विशेष रूप से मठ मंदिर के पुजारी श्री त्यागी, महाराज, पूर्णेन्द्र तिवारी, कमलेश सिंह, प्रमोद सिंह, भगवान दास गढ़ेवाल, रामविलास राठौर, हिमांशु तिवारी, सोहन डहरिया, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, पुरेंद्र सोनी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अमर सुल्तानिया ने किया आत्मीय स्वागत



**जांजगीर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का छत्तीसगढ की पावन धरा रायगढ़ के कोड़ातराई में जनसभा को संबोधित करने के पहुचे जहां उनके आगमन पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने रायगढ़ के जिंदल हेलीपेड में भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया। इस दौरान अमर सुल्तानिया ने इस बार छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार बनाने के लिए नरेंद्र मोदी से आशीर्वाद मांगा है ।

## कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने कराया एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**जांजगीर चांपा।** अनियंत्रित जीवनशैली, अनाप-शनाप आहार, व्यर्थ की भागदौड़ के कारण आजकल मनुष्य तनाव की जिंदगी जी रहा हैं। ऐसी स्थिति में शारीरिक व्याधि स्वाभाविक हैं। सेहत की परीक्षा पास करने के लिए कुछ मेडिकल टेस्ट कराए जाने जरुरी हैं। शारीरिक व्याधियों की जांच करने नि:शुल्क हेल्थ चेकअप परीक्षण शिविर चांपा स्थित हांटल सुमित इन में 13 सितम्बर को लगा।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अभ्यागत छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष कार्तिकेश्वर स्वर्णकार ने किया। उन्होनें अपने उद्बोधन में कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण हर मनुष्य परेशान हैं और कई बीमारियां से जकड़ा है। बीमारियां जो आमतौर पर बड़ी उम्र के लोगों में पाई जाती थी, वहीं बदलती हुई जीवनशैली के कारण छोटे-छोटे बच्चों में दिखाई दे रही हैं। डायबिटीक, थायराइट, माइग्रेन और आजकल पढ़ाई के कारण डिप्रेशन की चपेट में बड़े, बूढ़े और जवान ही नहीं, बल्कि हर वर्ग के लोग आ रहे हैं। इसका सीधा असर शारीरिक व्याधियों के रुप में सामने आ रही हैं। ऐसी परिस्थिति में जरुरी हैं कि अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराते रहे। उन्होंने कहा कि संस्थान की निर्देशक श्रीमती पूनम पाण्डेय सेवाभावी के तौर पर इस दिशा में कार्य कर रही हैं, जो बधाई के पात्र है। इस अवसर पर शशिभूषण सोनी, कमलदीप शिविर, रश्मियां पाण्डेय, करुण शिविर, श्रीमती जया शुक्ला, किरण सिंह, प्रतिमा तिवारी, मक्का कुमारी, मधुसूदन सोनी, सोनिया देशाज ने भी अपने सारगर्भित विचार रखे। कार्यक्रम में शिविर में अपना स्वास्थ्य चेकअप कराने लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे। शिविर में हेल्थ विशेषज्ञ डॉक्टर पूनम पाण्डेय के साथ उनकी टीम ने अपनी सेवाएं दी।



## फिजियो थैरेपिस्ट, स्पीच थैरेपिस्ट के अस्थायी पद पर आवेदन 22 सितम्बर तक आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** प्रबंध संचालक, राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के अनुसार समग्र शिक्षा, जांजगीर अंतर्गत कार्य करने के लिए 02 पद थैरेपिस्ट (01 पद फिजियो, 01 पद स्पीच थैरेपिस्ट) पद हेतु प्रतिमाह 20 हजार रूपए निश्चित मानदेय पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसके योग्यताधारी आवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में 22 सितम्बर 2023 तक रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आवेदन आवेदक को कार्यालय जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, जांजगीर-चांपा में आमंत्रित किया गया है। यह पद वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट में निर्धारित अवधि मार्च 2024 तक के लिए स्वीकृत की गयी है। यह पूर्णत: अस्थायी है एवं उक्त अवधि के पश्चात संबंधित की सेवाएं स्वत: समाप्त हो जायेगी। अधिक जानकारी तथा इन पदों में नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हतायें एवं शर्तें का अवलोकन जिले के वेबसाईट https://janjgir-champa.gov.in/ पर कर सकते हैं।

## राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 'आयुष्मान भवः अभियान' का वर्चुअल रूप से किया शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज 'आयुष्मान भव: अभियान' का शुभारंभ किया है। इसका उद्देश्य सभी लोगों को व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। राष्ट्रपति ने गांधी नगर में राजभवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इस अभियान की शुरुआत की। 'आयुष्मान भव: अभियान' देशभर में व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की पहल है। इसका उद्देश्य प्रत्येक गांव और शहर में हर किसी को संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जिला चिकित्सालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्री भगवानदास गढेवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया, डीपीएम श्री उत्कर्ष तिवारी सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत एवं चिकित्सालय के समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहें।

## सक्ती में रेल रोको आंदोलन चलाकर कांग्रेसियों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

**सक्ती।** यात्री ट्रेनों को रद्द करने और विलंब को लेकर बुधवार को सक्ती जिला कांग्रेस ने रेल रोको आंदोलन चलाया मगर यह प्रदर्शन महज औपचारिक ही रहा। रेल रोकना तो दूर कांग्रेसी रेल की पटरी तक भी नहीं पहुंच सके। कांग्रेसियों ने देश के राष्ट्रपति के नाम अपनी मांगो का ज्ञापन देकर आंदोलन की औपचारिकता पूरी की। उपस्थित कांग्रेसजन ने केन्द्र सरकार द्वारा रेलवे को खत्म कर निजी हाथों में सौपने की साजिश की जमकर निंदा करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सेवा रेलवे को समाप्त करने की साजिश रच रही है। सालों से भारतीय रेलवे आम जनता का भरोसेमंद, सस्ता और सुलभ यात्रा का जरिया है। भाजपा राज में रेलवे की विश्वसनीयता को खत्म कर निजी हाथों में बेचने का षड़यंत्र रचा जा रहा है। बिना कोई ठोस वजह के यात्री ट्रेनों को अचानक रद्द कर दिया जाता है। ब्लाक कांग्रेस नगर अध्यक्ष पंडित दिगंबर चौबे ने कहा कि जबसे केन्द्र में मोदी की सरकार आयी है तबसे पिछले तीन वर्ष में 67382 यात्री ट्रेनों को रद्द किया जा चुका है। वहीं वर्ष 2023 में अप्रैल माह तक 208 ट्रेने निरस्त की गई हैं जिनमें से छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 22 महत्वपूर्ण यात्री ट्रेनें रद्द की जा चुकी हैं। यात्री ट्रेनों को रोककर मालगाड़ियों को चलाया जा रहा है। रेल रोको आंदोलन के जरिए कांग्रेस केन्द्र सरकार को जवाब देगी। रेल रोको आंदोलन में. पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष राजेश राठौर खिलावन राठौर संतोष लाला सोनी,मनीष कथूरिया, धनीराम महंत सत्य प्रकाश महंत सोनू कुरैशी राहुल अग्रवाल रथ पटेल भुरु अग्रवाल रिकी सेवक .सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

सक्ती जिला मुख्यालय में कांग्रेसियों का यह प्रदर्शन महज औपचारिक रहा। रेल रोकना तो दूर कांग्रेसी रेल की पटरी तक भी नहीं पहुंच सके। स्टेशन के अंदर घुसते ही बड़ी संख्या में तैनात आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के जवानों ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद अपनी मांगो को लेकर मौके पर मौजूद अधिकारी को ज्ञापन देकर आंदोलन की औपचारिकता पूरी की। सबसे मजे वाली बात यह रही कि विधायक की टिकट की चाह रखने वाले कांग्रेसी इस आंदोलन से दूर रहे जो अन्य कांग्रेसियों के बीच चर्चा का विषय बना रहा।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जनपद पंचायत नवागढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत धाराशिव के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 05 मे सहायिका पद तथा ग्राम पंचायत कुथुर के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 07 में सहायिका के रिक्त पद हेतु 12 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी ने बताया कि उक्त: आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अब 20 सितम्बर 2023 निर्धारित किया गया है।

## चांपा में खिलाड़ियों का महाकुंभ अगले माह



**जांजगीर-चांपा।** अगले माह चांपा शहर में देश भर के खिलाड़ियों का महाकुंभ लगेगा, जिसमें विभिन्न राज्यों से करीब 800 खिलाड़ी, कोच व अन्य लोग शामिल रहेंगे। खिलाड़ियों सहित साथ आए लोगों के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था सरस्वती शिशु मंदिर में की जाएगी। यह आयोजन अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती द्वारा किया जाएगा। इसकी तैयारी जोरशोर से शुरू हो गई है। ये बातें विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के संयोजक मुखतेज सिंह बदेशा ने मीडिया से बात करते हुए कही। उन्होंने बताया कि चांपा के विभिन्न मैदानों में आगामी 2 से 4 अक्टूबर तक राष्ट्रीय वालीबाल खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूर्वोत्तर राज्यों को छोड़कर अन्य राज्यों से करीब 800 की संख्या में खिलाड़ी, निर्णायक व अन्य लोग शिरकत करेंगे। उनके रहने खाने की व्यवस्था सरस्वती शिशु मंदिर में की जाएगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। यह प्रतियोगिता 14, 16 व 19 वर्ग आयु के बीच होगी। इसमें विद्या भारती के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। इस मौके पर प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण, प्रान्त प्रमुख गौरीशंकर, प्रान्त खेल प्रमुख दिवाकर स्वर्णकार, समिति के अध्यक्ष हनुमान कुमार देवांगन, सचिव डॉ. शांति कुमार सोनी, सह सचिव कमल कुमार देवांगन, नंदकुमार देवांगन, गोपी चन्द्र बरेठ, प्राचार्य अश्विनी कुमार कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**जांजगीर।** खेत में काम करने गई 1 की मौत , दो महिलाएं घायल।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 22 से 10 अक्टूबर तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमे अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं, को सूचित किया गया है कि शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 12 वीं से उच्चतर) के स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट http://postmatric-scholarship.cg.nic.in पर ऑनलाइन की जा रही है। जिसके अंतर्गत संस्थानों के प्रस्ताव, स्वीकृति लॉक करने हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है।


न्यायालय अधीक्षक भू-अभिलेख (परिवर्तित भूमि शाखा) कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.)

// ईश्तहार//

क्रमांक/3401/अ.भू.अ.(परि.शा.)/वाचक/ 2023
कोरबा, दिनांक 14.09.2023

रा.प्र.क्र.-948/अ-2/2022-23
ग्राम- कोरबा, प.ह.नं.-16
तह.-कोरबा, जिला- कोरबा(छ.ग.)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 948/अ-2/2022-23 आवेदकगण श्री गुरूविन्दर सिंह छतवाल एवं श्री अरविन्दर सिंह छतवाल दोनों पिता स्व. श्री के.एस. छतवाल, निवासी- म.नं.90 मधु स्वीट्स गली कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-कोरबा, प.ह.नं. 16, तहसील व जिला-कोरबा स्थित भूमि ख.नं. 493/242 रकबा 0.012 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 29.09.2023 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

(सील) अधीक्षक भू-अभिलेख परि.भू.शा. जिला- कोरबा (छ.ग.)

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सुमीत भरतकुमार रायबागकर ,पता डी- 98 सरस्वती विहार एनटीपीसी कोरबा छत्तीसगढ़,यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम सुमीत रायबागकर रख लिया हूं। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्ध शासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम सुमीत रायबागकर से ही जाना जाए।

सुमीत रायबागकर
निवासी डी-98 सरस्वती नगर एनटीपीसी कोरबा छत्तीसगढ़

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अखिलेश कुमार मोदी उम्र 38 वर्ष पिता श्री पवन कुमार मोदी निवासी ग्राम लछनपुर तहसील जांजगीर जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.) का हूं। मेरी पुत्री कु. आन्या मोदी (Ku. Anya Modi) का जन्म चांपा हॉस्पिटल एण्ड फर्टिलिटी सेंटर चांपा में दिनांक 05.11.2011 को हुआ है। मेरी पुत्री कु. आन्या मोदी के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम अखिलेश मोदी दर्ज है जिसमें संशोधन कर मेरा नाम अखिलेश कुमार मोदी दर्ज कराने के लिए मेरे द्वारा एक शपथ पत्र श्रीमान नोटरी चांपा के समक्ष सत्यापित कर नवीन जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु नगर पालिका परिषद चांपा में प्रस्तुत किया जावेगा। अत: मुझे आज से मेरे नवीन नाम अखिलेश कुमार मोदी के नाम से जाना, पहचाना एवं पुकारा जावे तथा मेरी पुत्री के नवीन जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम अखिलेश कुमार मोदी दर्ज किया जावे।

लछनपुर
दिनांक 14.09.2023

भवदीय
अखिलेश कुमार मोदी
पिता- श्री पवन कुमार मोदी
ग्राम-लछनपुर, तहसील-जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा ( छ.ग. )

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
मुख्य कार्यालय-साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
कोरबा जोन

फा.क्र./605 एवं 606/निर्माण (कोरबा जोन)/2023/ — कोरबा, दिनांक 12/09/2023

निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर त्रि-लिफाफा पद्धति माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 03.10.2023 सायंकाल 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 03.10.2023 सायंकाल 4.30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड क्र. 05 में फिरत पटेल घर के समीप चबूतरा निर्माण कार्य। (पार्षद मद-2023-24) | 7,00,000/- | 5,500/- |
| 2. | वार्ड क्र.01 में श्याम मंदिर से कन्या आश्रम बाउण्ड्रीवाल तक कांक्रीट ब्लॉक रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (पार्षद मद 2023-24) | 7,00,000/- | 5,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छग)


## ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन जांजगीर में हिंदी दिवस मनाया गया

**जांजगीर।** ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन जांजगीर में दिनाँक 14 सितम्बर को डॉ. हेमा तिवारी, श्रीमती चंचला मिश्रा और श्रीमान अमित कुमार उपाध्याय सर के निर्देशन तथा शिक्षा महाविद्यालय के संचालक डॉ. सुरेश यादव के मार्गदर्शन में बी. एड. प्रशिक्षार्थियों द्वारा हिंदी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बी. एड प्रशिक्षार्थियों को हिंदी भाषा के इतिहास,समृद्ध शब्दकोश, भारत एवं विदेश में हिंदी की स्वीकार्यता तथा महत्व के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला गया। सहायक प्राध्यापिका डॉ. हेमा तिवारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर का दिन हिंदी दिवस के तौर हिंदी भाषा को बढ़ावा देने तथा उसके गौरव को स्थापित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। देश भर में इस दिन अलग-अलग कार्यक्रम और बैठकें आयोजित होती हैं, जिसमें हिंदी के प्रचार -प्रसार और उसके महत्व को लेकर चर्चा होती है। इसके पश्चात उद्बोधन की अगली कड़ी में सहायक प्राध्यापिका श्रीमती चंचला मिश्रा द्वारा हिंदी भाषा का महत्व विवेकानंद जी की जीवनी एवं हिंदी के प्रति उनके प्रेम को बताकर समझाया गया । महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अमित उपाध्याय जी के द्वारा हिंदी भाषा बोलने और उसका आदर करने का संकल्प प्रशिक्षार्थियों द्वारा कराया गया । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रशिक्षार्थियों के द्वारा हिंदी भाषा से संबंधित कविता ,भाषण और रंगोली का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कविता में सुनीता कौशिक ने प्रथम स्थान, अनीता रोशन ने द्वितीय स्थान तथा रीना गढ़ेवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार भाषण में ममता पटेल को प्रथम स्थान ,ममता को द्वितीय स्थान तथा नीलू जायसी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ तथा रंगोली में समीक्षा एवं साथी को प्रथम स्थान पिंकी एवं साथी को द्वितीय स्थान तथा सुमन एवं साथी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य,प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई। बी एड प्रशिक्षार्थी गौरव साहू द्वारा आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई।



## अनमोल वचन

**गुस्से में कभी गलत मत बोलो,मूड तो ठीक हो ही जाता है, पर बोली हुई बातें वापस नही आती !**

# करीब आए भारत और सऊदी

सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है। तो अब उसके सामने सवाल यह है कि अपना पैसा कहां लगाए। भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश करने के उसके ऐलान को इसी संदर्भ में देखा जाएगा। सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद-बिन-सलमान की भारत यात्रा से यह साफ हुआ है कि आर्थिक संबंध के क्षेत्र में विभिन्न देशों की बदलती प्राथमिकताओं के बीच भारत को अपने देश के लिए वे एक महत्त्वपूर्ण स्थल मान रहे हैं। सऊदी अरब उन देशों में है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार बड़े मुनाफे की स्थिति में रहते हैं। जाहिर है, इसका कारण सऊदी अरब की तेल संपदा है। प्रिंस सलमान की खूबी यह है कि हाथ में सत्ता आने के बाद से उन्होंने दूरदर्शी नजरिया अपना रखा है। वे जानते हैं कि जीवाश्म ऊर्जा की बदौलत उनका देश हमेशा समृद्ध नहीं बना रहेगा। इसलिए वे निवेश के विभिन्न क्षेत्रों को तलाश रहे हैं। उनकी भारत यात्रा भी इसी तलाश का हिस्सा है। जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से बातचीत में सलमान कहा कि पांच साल के अंदर पश्चिम एशिया 'अगला यूरोप' हो जाएगा। जाहिर है, इसमें आधुनिक तकनीक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस लिहाज से भारत के तकनीक-कर्मी सऊदी अरब के लिए बड़े फायदे का पहलू हो सकते हैं। इसके अलावा इस समय दुनिया में ट्रेंड अमेरिका के बॉन्ड और ट्रेजरी बिल से पैसा निकालने का है। सऊदी अरब ने गुजरे आठ महीनों में अमेरिका में अपना निवेश 41 प्रतिशत घटाया है। तो अब उसके सामने सवाल यह है कि अपना पैसा कहां लगाए। चीन उसका एक मुकाम है। साथ ही वह दूसरे स्थलों की तलाश में है। भारत में 100 बिलियन डॉलर निवेश करने के उसके ऐलान को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। असल में कितना निवेश आएगा, यह भारत की अपनी परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। इन 100 में 50 बिलियन डॉलर के निवेश की घोषणा सऊदी अरब ने 2019 में की थी। यह महाराष्ट्र में रिफाइनरी बनाने में होनी है। मगर चार साल से बात सिर्फ इरादो तक है। सऊदी अरब से भारत का सालाना कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 29.28 बिलियन डॉलर का था। इसमें 22.65 डॉलर का भारत ने आयात किया था। यानी सऊदी अरब को भारी मुनाफा है। ऐसे में अगर वह निवेश करता है, तो यह भारत के फायदे में होगा। अब यह भारत पर है कि वह कितना फायदा उठा पाता है।

## राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप लम्बे समय से रुके कार्यों को समाप्त करने में सफल हो सकते हैं। किसी खास व्यक्ति से आपको सहयोग मिल सकता है। सम्बधियों से मुलाकात कर मधुरता बढ़ेगी। यात्रा की योजना बनेगी। आपको करियर से संबंधित नए अवसर प्राप्त होने की सम्भावना है।

**वृष :** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। साथ ही जो विद्यार्थी उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए दिन फेवरेबल है। आपको शिक्षकों से पढ़ाई में पूरी तरह मदद भी मिलेगी। आप पूरे दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

**मिथुन :** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपको किसी खास काम में सफलता हासिल होगी। आप अपनी ताकत और प्रतिष्ठा से पहचाने जायेंगे। आप किसी समारोह में जाने की योजना बना सकते हैं। आपका जीवनसाथी आपकी ईमानदारी से प्रभावित होंगे। छात्रों के लिए दिन अन्य दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगा।

**कर्क :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा । आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे होंगे। आप बच्चों के साथ कहीं पिकनिक मनाने जा सकते हैं। साथ ही आप अपने किसी रिश्तेदार को भी साथ ले जा सकते हैं। इसके अलावा आपको किसी पर अपनी बात मनवाने का दवाब नहीं डालना चाहिए। कुछ साथियों से आपका मनमुटाव हो सकता है।

**सिंह :**आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। हालांकि आपकी आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। आपको किसी काम से अलग से भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है। किसी अजनबी व्यक्ति से सावधानी से बात करें। जीवनसाथी के साथ बेहतर तालमेल बनाने में आप सफल होने।

**कन्या :** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। रूके हुए कामों में आपको किसी मित्र की मदद मिलेगी। आपके पास कुछ नयी जिम्मेदारियां आयेगी, जिन्हें पूरा करने में आप सफल होंगे। पहले किये गये अच्छे कामों का आपको फायदा मिलेगा।

**तुला :**आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। कारोबारियों को बड़ा फायदा हो सकता है। आपकी समझदारी आपको हर प्रकार की मुसीबतों से दूर रखने में सहायता करेगी। पारिवारिक काम की वजह से भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, इससे आपको थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक :** आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपके घर में खुशी का माहौल बनेगा। साथ ही रिश्तेदारों का घर पर आना-जाना उत्तम रहेगा। प्रेमी के लिए दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों को करियर में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। दूसरे लोगों की मदद करने का आपको मौका मिल सकता है।

**धनु :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बाहर जाते समय रास्ते में किसी करीबी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे। अगर नये काम की शुरूआत करने की सोच रहे हैं, तो आगे चलकर आपको काफी फायदा होगा।

**मकर :**आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। साथ ही आप उनके साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर आपको भरोसा करने से बचना चाहिए।

**कुंभ :** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपनी काबिलियत से काम को सरलता पूर्वक पूरा कर लेंगे। धन लाभ में इजाफा होगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा। स्वास्थ्य के मामले में आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। करियर में आगे बढ़ने का कोई अच्छा मौका मिलेगा।

**मीन :** आज आप अपनी ऊर्जा का अच्छे कामों सदुपयोग करेंगे। सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। घर में जश्न का माहौल बन सकता है। साथ ही कोई मांगलिक कार्य होने की संभावना है।

# अजीब सम्राट के सफल देश की भूकंप त्रासदी

//श्रुति व्यास//

**मोरक्को को भूकंप ने दहला दिया है। उसके अल होज़ प्रांत में 3,000 लोग मारे गए वही पहाड़ी इलाकों में बसे कई गांव पूरी तरह नष्ट हो गए। सबसे बुरी बात यह है कि देश के लोग अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से कह रहे हैं कि उन्की कोई चिंता करने वाला नहीं है। भूकंप की रात देश के सम्राट मोहम्मद षष्ठम पेरिस में थे, जहां उनका ज्यादातर वक्त बीतता है। उन्हें स्वदेश लौटने और सार्वजनिक वक्तव्य जारी करने में पूरा एक दिन लग गया। शनिवार की देर शाम उन्हें टीवी पर एक कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिखाया गया, लेकिन बिना आवाज के, अर्थात वीडियो म्यूटेड था।**

एक अस्पताल गए और उन्होंने रक्तदान किया। वे मारूकेश भी गए जो भूकंप-पीड़ित क्षेत्र के नज़दीक स्थित बड़ा शहर है। लेकिन उन्हे भूकंप से सर्वाधिक प्रभावित अल होज़ प्रांत जाने के बारे में कुछ नहीं बताया गया। मोरक्को के अधिकारियों का कहना है कि वे संकट का सामना करने में जुटे हुए हैं और जरूरत पड़ने पर मदद की गुहार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सम्राट का मार्गदर्शन उन्हें शुरू से ही मिल रहा है। लेकिन विनाश की पीड़ा झेल रहे इलाके में उनकी गैर-मौजूदगी, पीड़ितों के साथ उनके खड़े नहीं होने, और जनता को अपने साथ का विश्वास न दिलाने के लिए उनकी आलोचना हो रही है। इस आलोचना में आक्रोश भी है और पीड़ा भी।

सम्राट मोहम्मद षष्ठम, जो हाल में 60 बरस के हुए, मोरक्को के सबसे धनी और सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हैं। सैद्धांतिक तौर पर भले ही मोरक्को संवैधानिक राजतंत्र हो किंतु हकीकत यह है कि हर मामले में मोहम्मद षष्ठम का निर्णय ही अंतिम होता है। संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार वे देश की सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख हैं, और इस्लामिक धर्मावलंबियों के मुखिया भी, हालांकि यह मुद्दा विवादित है। उनके कई सलाहकार और मंत्री हैं जो उनके स्कूल के दिनों के मित्र हैं, लेकिन किसी भी कार्यवाही के लिए उनका अनुमोदन आवश्यक होता है। भूकंप के बाद अधिकारी कोई कदम नहीं उठा पा रहे हैं क्योंकि वे कुछ भी करने से पहले सम्राट की आज्ञा की का इंतजार कर रहे हैं।

मध्यपूर्व के नेताओं में से मोहम्मद सार्वजनिक रूप से और मीडिया में सबसे कम नज़र आते हैं। सन् 1999 में सम्राट बनने के बाद से उन्होंने न तो कोई पत्रकार वार्ता की है और ना ही कोई टीवी इंटरव्यू दिया है। वे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भी नहीं जाते। राजा बनने की वर्षगांठ के अवसर पर जनता को संबोधित करते समय वे बोलने में लड़खड़ा जाते हैं। अपने पिता हसन द्वितीय, जो तानाशाह थे और जिनके विभिन्न भिन्न पृष्ठभूमियों के कई सलाहकार थे, के विपरीत मोहम्मद षष्ठम अपनी ही दुनिया में रहते हैं। उनके दरबारियों के मुताबिक सत्ता में उनकी कोई दिलचस्पी नहीं है और वे राजा बने रहना नहीं चाहते। मगर दौलत से हासिल होने वाले ऐशोआराम का भरपूर आनंद उठाने में उन्हें कोई संकोच नहीं होता।

लेकिन एक अयोग्य आयर अक्षम राजा के बावजूद मोरोक्को को उत्तर अफ्रीका का एक सफल राष्ट्र माना जाता है, जहां तुलनात्मक रूप से अधिक खुलापन और स्थिरता है और जो उद्योग एवं पर्यटकों को आकर्षित करता है। वह आतंकरोधी कार्यवाहियों के मामले में अमेरिका एवं पश्चिमी देशों का एक भरोसेमंद सहयोगी रहा है और उसने सन् 2020 में इजराइल को मान्यता दे दी है। सन् 1999 में वारिस के तौर राजगद्दी हासिल करने के करीब एक साल बाद टाईम पत्रिका को दिए गए एक दुर्लभ साक्षात्कार में, जो पत्रिका के उस अंक में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, उन्हांने स्वयं को ऐसा सुधारक बताया जो 'गरीबी, कष्ट और अशिक्षा को कम करना चाहता है'। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि ÷मैं जो भी करूंगा वह मोरोक्को के लिए नाकाफी होगा÷।उनके शासन के शुरूआती दौर में धार्मिक दृष्टि से रूढ़िवादी मोरोक्को में बड़े और महत्वपूर्ण बदलाव हुए। उन्होंने कई राजनैतिक बंदियों को रिहा किया, पारिवारिक कानूनों में बदलाव किया, विवाह की न्यूनतम आयु 15 वर्ष से बढ़ाकर 18 वर्ष की, लैंगिक समानता की स्थिति बेहतर की, महिलाओं को तलाक मांगने का हक दिया और पहली पत्नि को यह अधिकार दिया कि वह पति को दूसरा विवाह करने से रोक सके। उन्होंने तलाक को एक कानूनी प्रक्रिया का दर्जा दिया। एक साधारण चिठ्ठी के माध्यम से पति द्वारा पत्नि को तलाक दिए जाने की परंपरा को समाप्त किया। और अरब स्प्रिंग के दौरान, जहां पड़ोसी देशों में राष्ट्रपतियों को पद छोड़ना पड़ा, उन्होंने स्थिरता और निरंतरता कायम रखते हुए कई सुधार लागू किए। सन् 2003 में हुए बम हमलों के बाद उन्होंने और उनकी सरकार ने इस्लामिक कट्टरपंथी राजनीतिज्ञों और आतंकवादियों के विरूद्ध कड़े कदम उठाए।

लेकिन हाल के दिनों में राजा 'विचलित' हो गए हैं और उन तक पहुंचना कठिन हो गया है। सन् 2018 में अपने तलाक की प्रक्रिया के दौरान उनका संपर्क जर्मनी में जन्में जर्मन-मोरक्कन मिश्रित नस्ल के मार्शल आर्ट्स फाइटर अबूबकर अबू एज़ेटार और उनके दो भाईयों से हुआ। उसके बाद से वे उनके प्रभाव से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं। एज़ेटार बंधुओं को राजा की इतनी निकटता हासिल है कि न केवल उनकी सीधी पहुंच सारी राजसी दौलत और सुख-सुविधाओं तक है बल्कि वे राजा और उनके सलाहकारों के बीच खाई भी पैदा कर रहे हैं। सभी राजमहलों से जुड़े कुछ राज होते हैं जो रहस्य के घेरे में होते हैं। ऐसा ही मोरक्को के राजमहल के मामले में भी है जहां राजा का स्वास्थ्य एक बड़ा रहस्य है। अतीत में उन्हें दिल और फेफड़ों से जुड़ी कई स्वास्थ्य समस्याएं रही हैं लेकिन इस संबंध में आधिकारिक रूप से कभी कुछ नहीं बताया गया और उनकी सेहत की वर्तमान स्थिति के बारे में भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। और थाईलैंड की तरह, मोरक्को में भी राजा की निजी ज़िंदगी और उनके शारीरिक एंड मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बात करना सख्त मना है। उनके आसपास के लोगों, उनके पुत्र और उत्तराधिकारी 20 वर्षीय मौले हसन आदि के बारे मे आधिकारिक रूप से कभी कुछ नहीं बताया जाता। और राजा की सार्वजनिक रूप से आलोचना कम ही होती है क्योंकि ऐसा करने पर कड़े दंड का प्रावधान है। उनका राजनैतिक विरोध कमजोर है और हाशिए पर है। लेकिन आमतौर पर राजा को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और ज्यादातर आलोचना सरकार की होती है। फिर भी मोरोक्को में यह साफ दिखा रहा है कि राजा बहुत अधिक समय एज़ेटार बंधुओं के साथ बिता रहे हैं जो जनता को पसंद नहीं आ रहा है और जिसको लेकर जनाक्रोश है। मोरक्को और सऊदी अरब दोनों इस्लामिक देश हैं। दोनों में राजशाही है। लेकिन वे एक-दूसरे से एकदम अलग हैं। एक तरफ हैं एमबीएस जो विश्व के रंगमंच पर अपने देश की मार्केटिंग करते नजर आते हैं और देश की जनता के लिए नए-नए व्यवसाय लाते हैं और देश के लोगों को गौरवान्वित महसूस करने के मौके उपलब्ध कराते हैं। दूसरी ओर हैं मोहम्मद षष्टम जो उस वक्त भी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं जब उनके देश को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत है। मोरक्को की जनता पहले से ही बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और देश व्यापी सूखे से परेशान है और अब उन्हें भूकंप से जुड़ी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। यदि मोहम्मद षष्टम एज़ेटार भाईयों के चंगुल से बाहर नहीं निकलते तो इस बात की संभावना है कि सेना उनका तख्ता पलट दे। उनके सुरक्षा प्रमुख पहले भी दो बार उन्हें सत्ता से हटाने का प्रयास कर चुके हैं।

# नागरिकों का प्रजा में बदल जाना

//अजीत द्विवेदी//

**सामंती और लोकतांत्रिक व्यवस्था में बुनियादी फर्क यह है कि लोकतंत्र में नागरिक होते हैं, जिनको संविधान से अधिकार मिले होते हैं और शासक उनकी जनरल विल यानी सामान्य इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं, जबकि सामंती व्यवस्था में प्रजा होती है, जो राजा या सामंत की मर्जी का दास होती है। उसकी सामान्य इच्छा का कोई मतलब नहीं होता है। वहां राजा या सामंत सीधे भगवान का अवतार होता है। राज्य के उत्पत्ति के दैवीय सिद्धांत में इस बारे में विस्तार से बताया गया है। इसके मुताबिक राजा ईश्वर द्वारा चुना गया होता है। अच्छा राजा जनता के अच्छे कर्मों का प्रतिफल होता है और बुरा राजा उसके बुरे कर्मों की सजा देने के लिए होता है। आजादी के बाद भारत में लोकतंत्र अपनाया गया और एक भारी-भरकम संविधान भी बना, जिसमें नागरिकों को कई अधिकार दिए गए। सिद्धांत रूप में शासक को संविधान, संसद और जनता के प्रति जवाबदेह बनाया गया लेकिन धीरे धीरे शासक राजा बनता गया और नागरिकों को प्रजा में बदल दिया गया।**

वैसे यह प्रक्रिया तो आजादी के बाद से ही चल रही थी लेकिन पिछले कुछ समय से नागरिकों को प्रजा में बदलने की प्रक्रिया तेज हो गई है। पिछले दिनों रक्षाबंधन के मौके पर केंद्र सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलिंडर की कीमत में दो सौ रुपए की कमी की और उसके बाद कई तरह से यह बताया गया कि प्रधानमंत्री ने देश की बहनों को रक्षाबंधन की सौगात दी है। सोचें, क्या लोकतंत्र में इस तरह की शब्दावली के बारे में सोचा भी जा सकता है। सामंती व्यवस्था में इस तरह से राजा तीज-त्योहार या अपने जन्मदिन वगैरह के मौके पर सौगात बांटते थे। राजा खुश होता था तो प्रजा को उपहार दिए जाते थे। मोती लुटाए जाते थे। वही व्यवस्था अब भारत में लौट आई। यह सिर्फ केंद्र सरकार या प्रधानमंत्री की बात नहीं है। सभी पार्टियों की सरकारें यह काम कर रही हैं। सब नागरिक को पौनी प्रजा बनाने में लगे हैं। सब उपहार बांट रहे हैं। कोई महिलाओं को उपहार बांट रहा है तो कोई युवाओं को। कोई किसानों को सौगात बांट रहा है तो कोई छात्रों को। साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि अमुक राजा साहेब की ओर से यह सौगात दी गई है इसलिए जनता को उनका आभारी होना चाहिए, उनका धन्यवाद करना चाहिए और उनको चुनाव में वोट देना चाहिए।

अभी भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार सामग्री जारी करने के क्रम में प्रधानमंत्री का एक पोस्टर जारी किया, जिसमें वे पगड़ी बांधे हुए लंबे डग भर रहे हैं और नीचे लिखा गया- भारत भाग्य विधाता! भाजपा ने प्रधानमंत्री को भारत भाग्य विधाता बना दिया! पांच हजार साल के इतिहास वाले देश और 140 करोड़ लोगों की आबादी के भाग्य विधाता प्रधानमंत्री हो गए! वह प्रधानमंत्री, जो खुद को कभी प्रधान सेवक कहते हैं, कभी चौकीदार कहते हैं तो कभी फकीर कहते हैं। उनको उनकी पार्टी भारत भाग्य विधाता बता रही है! रघुवीर सहाय की मशहूर कविता याद आ रही है- राष्ट्रगीत में भला कौन वह भारत भाग्य विधाता है, फटा सुथन्ना पहने जिसका गुन हरचरना गाता है। मखमल टमटम बल्लम तुरही पगड़ी छत्र चंवर के साथ, तोप छुड़ाकर ढोल बजाकर जय-जय कौन कराता है। कितना दुर्भाग्य है कि कहां तो देश के 140 करोड़ लोगों को भारत का भाग्य विधाता होना था लेकिन उनकी सामान्य इच्छा से चुना गया शासक भारत भाग्य विधाता बन गया!

प्रधानमंत्री या भारतीय जनता पार्टी अपवाद नहीं है। हर राज्य का मुख्यमंत्री छोटा मोटा भाग्य विधाता है। प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ लोगों के भाग्य विधाता हैं तो अरविंद केजरीवाल दिल्ली व पंजाब के लोगों के भाग्य विधाता हैं। शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के तो अशोक गहलोत राजस्थान के लोगों के भाग्य विधाता हैं। देश का हर मुख्यमंत्री इन दिनों भाग्य विधाता बना है। हर राज्य में नागरिकों को प्रजा में तब्दील कर दिया गया है। उनको मुफ्त में अनाज दिया जा रहा है, मुफ्त में इलाज की सुविधा दी जा रही है, मुफ्त में बस यात्रा कराई जा रही है, सस्ती दर पर रसोई गैस के सिलिंडर दिए जा रहे हैं, महिलाओं के खाते में नकद पैसे दिए जा रहे हैं तो किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी जा रही है। केंद्र सरकार दावा कर रही है कि मुफ्त में वैक्सीन लगवा कर मोदीजी ने देश के 140 करोड़ लोगों की रक्षा की। संसद में खड़े होकर सत्तारूढ़ दल का एक सांसद कहता है कि देश के लोगों को प्रधानमंत्री का आभारी होना चाहिए कि उन्होंने मुफ्त में वैक्सीन लगवाई और करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया करा रहे हैं। चुनाव में नमकहलाली के नाम पर वोट भी मांगे जा रहे हैं, जबकि नमक नागरिक का है। उससे सरकार हर साल करीब 40 लाख करोड़ रुपया कर वसूल रही है और कथित सौगात कितने की होगी, चार या पांच लाख करोड़ रुपए की!

अगर इसे पूरे मामले का सरलीकरण करें तो यह वोट लेने का सबसे आसान तरीका बन गया है। सरकारी खजाने से पैसा निकाल कर सरकारें गरीब, महिला, मजदूर, किसान, युवा, छात्र-छात्रा आदि के नाम पर अलग अलग योजना के तहत कुछ उपहार या पैसे देती हैं। उसके बाद दावा करती हैं कि वह सौगात दे रही है या 'मुफ्त की रेवड़ी' दे रही है। देश की भोली जनता यह नहीं समझती है कि उसी के खून-पसीने की कमाई के पैसे से सरकार उसको थोड़ा बहुत कुछ दे रही है। यह दांव अभी कामयाब है। इसलिए सारी पार्टियां आजमा रही हैं। अगर इस पूरी प्रक्रिया को बारीकी से देखें तो पता चलेगा कि इस तरह के काम सरकारें अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए भी करती हैं। वोट तो उनको मिल ही रहा है, ऊपर से उनकी जिम्मेदारी कोई तय नहीं हो रही है। थोड़े से पैसे या कोई उपहार लेकर जनता खुश है। वह अपने शासकों से नहीं पूछती है कि उसने रोजगार के अवसर बनाने के लिए क्या किया या हर नागरिक के सम्मान के साथ जीने के संवैधानिक अधिकार को पूरा करने के लिए क्या किया।

ऐसा लग रहा है कि सरकारों ने 'मुफ्त की रेवड़ी' बांटने या लोगों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के उपायों के नाम पर फैक्टरी लगाने, उत्पादन बढ़ाने के उपाय करने, बुनियादी ढांचे का विकास करने, स्कूल-कॉलेज-अस्पताल बनवाने, नागरिकों के लिए सम्मान के साथ जीने की स्थितियां पैदा करने का काम छोड़ चुकी हैं। धीरे धीरे सब कुछ बाजार या निजी क्षेत्र के हवाले किया जा रहा है और उस स्थिति से निपटने के लिए जनता को तैयार करने की बजाय उसको थोड़े से पैसे देकर उसका रहनुमा बना जा रहा है। सरकारें रोजगार देने की बजाय आरक्षण का झुनझुना थमा रही हैं। यह वादा कर रही हैं कि निजी सेक्टर में आरक्षण की व्यवस्था करेंगे।

## फुटबाल टीम ज्योतिष भरोसे

चूंकि ऐसी खबर पहली बार आई है, इसलिए फिलहाल इसने ध्यान खींचा है। खबर यह है कि एशिया कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग मैचों के लिए टीम का चयन भारतीय टीम के कोच ने एक ज्योतिषी की सलाह पर किया। देश में जिस तरह के माहौल और सोच को प्रोत्साहित किया जा रहा है, उसके बीच यह होना ही है। चूंकि ऐसी खबर पहली बार आई है, इसलिए फिलहाल इसने ध्यान खींचा है। खबर यह है कि एशिया कप फुटबॉल के क्वालीफाइंग मैचों के लिए टीम का चयन भारतीय टीम के कोच ने एक ज्योतिषी की सलाह पर किया। इसके लिए उस ज्योतिषी को भारतीय फुटबॉल संघ ने बकायदा करीब 15 लाख रुपयों का भुगतान किया। कोच इगोर स्टिमैक सर्बियाई हैं। लेकिन उससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि विदेशी खिलाड़ी या कोच भी कोई कम अंधविश्वासी नहीं होते। वैसे भी खेलना या कोचिंग उनके लिए नौकरी है। और अगर उनका बॉस ज्योतिषी का सलाह लेने के लिए कहे, तो वे उसकी हुक्म-उदूली नहीं कर सकते। अब सामने यह आया है कि स्टिमैक को ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के तत्कालीन महासचिव कुशल दास ने ज्योतिषी की सलाह लेने को कहा था। तो हर मैच के पहले कोच संभावित टीम के खिलाड़ियों के नाम, उनकी जन्म तिथि, मैच का समय आदि ज्योतिषी को भेज देते थे। ज्योतिषी सितारों का आकलन कर जिन खिलाड़ियों के बारे में बताता था कि उस रोज उसका अच्छा दिन है, उन्हें ही टीम में रखा गया। ये दीगर बात है कि इसके बावजूद भारतीय टीम जॉर्डन से मैच हार गई। एशिया में फुटबॉल में मजबूत बहुत देश हैं।

# तस्वीरों की दुनिया



मुजफ्फरपुर में बच्चों को ले जा रही एक नाव पलटने के बाद स्थानीय लोग इकट्ठा हुए।



भारतीय रेलवे की विभिन्न सेवाओं के 2018 बैच के परिवीक्षार्थियों ने राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जावड़ेकर ने हैदराबाद में रोजगार के मुद्दों पर बीआरएस सरकार की कथित विफलता के खिलाफ केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी को अपनी 24 घंटे की दीक्षा तोड़ने के लिए जूस पिलाया।





अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यों ने रबर किसानों की समस्याओं को उजागर करने के लिए नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया।





छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का छत्तीसगढ़ की पावन धरा रायगढ़ के कोड़ातराई में जनसभा को संबोधित करने के लिए आगमन होने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया द्वारा जिंदल हेलीपेड में आत्मीय स्वागत अभिनंदन किया गया।



अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के 3 जवानों के शहीद होने के बाद सुरक्षाकर्मियों ने इलाके को घेर लिया।

# जम्मू में 21 से एयर शो में ताकत दिखाएगी वायुसेना, आम लोग भी हो सकते हैं शामिल



जम्मू, 15 सितम्बर [एजेंसी]।

जम्मू वायुसेना की सुकोई 30 फाइटर विमान, सूर्य किरण टीम के हाक एमके 132 विमान व अटैक हेलीकाप्टर जम्मू में 21 सितंबर से होने जा रहे एयर शो में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे। दो दिवसीय एयर शो का आयोजन देश से जम्मू कश्मीर के 76वें विलय दिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। जम्मू कश्मीर का 76वां विलय दिवस 26 अक्टूबर को मनाया जाएगा। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा एयर शो में मुख्यअतिथि होंगे। जम्मू एयरफोर्स स्टेशन में वायुसेना के विमान करतब के साथ युद्धाभ्यास भी दिखाएंगे। वायुसेना की आकाश गंगा स्काई डाइविंग टीम के सदस्य पैरा जंप करने के बाद हवा में करतब करेंगे। एयर शो में युद्ध चुनौतियों का सामना करने के लिए हेलीकाप्टर से वायुसेना के गरूड़ कमांडोज के प्रदर्शन, फ्री फाल पैरा जंप, ड्रिल, सटीक उड़ान, अन्य करतब भी दिखाए जाएंगे। यह एयर शो आम लोगों के लिए खुला है। दो दिवसीय एयर शो सुबह साढ़े 9 बजे से ग्यारह बजे तक होगा। वायुसेना की सूर्य किरण एक्रोबेटिक टीम का गठन वर्ष 1996 में किया गया था। वायुसेना के 52 स्कवार्डन की टीम 9 हाक एमके 132 विमान के साथ आकाश में करतब करती है।

यह टीम अब तक जम्मू समेत देश, विदेश में 600 से अधिक प्रदर्शन कर चुकी है। गरूड़ कमांडोज का प्रदर्शन जम्मू स्थित सेना की 130 हेलीकाप्टर यूनिट द्वारा आयोजित किया जाएगा। एयर शो में प्रदर्शन करने जा रही एयर वरियर ड्रिल टीम, सुब्रतो, वायु सेना की प्लाटून के आकार की ड्रिल टीम है। इसकी स्थापना 2004 में भारतीय सशस्त्र सेनाओं में अपनी तरह की पहली ड्रिल टीम के रूप में हुई थी। वहीं आकाश गंगा भारतीय वायु सेना की 14 सदस्यीय स्काई डाइविंग टीम है। इसका गठन अगस्त 1987 में हुआ था। आकाश में ऊंचाई से जंप करने वाले इस टीम के सदस्य करतब करते हुए नीचे आते हैं। ये डाइवर्स एक चिन्हित स्थान पर लैंड करने में प्रशिक्षित हैं। विमान से जंप करने के बाद टीम आकाश गंगा जैसी लगती है। शो के दौरान वायुसेना के एयर वारियर सिम्फनी आर्केस्ट्रा का भी प्रदर्शन होगा। यह वायुसेना के बैंड की कान्सर्ट बैंड इकाई है। इसके सदस्य का चुनाव देश में वायुसेना की सात बैंड दलों में से किया है। देश के विभिन्न हिस्सों के साथ यह बैंड फ्रांस, इटली, जर्मनी, मलेशिया, सिंगापुर और बांग्लादेश जैसे देशों में कई संगीत कार्यक्रम कर चुका है।शो का आयोजन देशवासियों को वायुसेना की ताकत दिखाना है। लोगों को विमान के खतरों व विमान सुरक्षा के समाज के सहयोग के बारे में जागरूक किया जाएगा। शो में आम लोगों के साथ वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी, सैन्य परिवारों के साथ वायुसेना के सेवानिवृत कर्मी भी हिस्सा लेंगे।

## हिमाचल में वर्षा का कहर जारी, मौत का आंकड़ा पहुंचा 430 के पार, कई सड़कें बंद

**शिमला।** प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ एक बार फिर से सक्रिय हुआ है। हालांकि कुछ एक स्थानों पर ही हल्की वर्षा दर्ज की गई है। जबकि शिमला सहित कई सथानों पर सुबह से बादल ठाए रहे। धर्मशाला में 12.5, सिरमौर के धौलाकुओं में 2.5 और रोडि में 1.5 मिलीमीटर वर्षा दज की गई है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से आंधी व वर्षा का येलो अलट्र जारी किया है। प्रदेश में अधिकतर सथानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है। आगामी दिनों में पश्चिमी विक्षोभ का असर ज्यादा देखने को मिलेगा। प्रदेश में अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री तक का अंतर आया है। प्रदेश में एक एनएच सहित 128 सड़कें अभी भी यातायात के लिए बंद हैं और इन्हें खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। अब तक नुकसान का आकलन 8679.94 करोड़ पहुंच गया है। अभी तक 430 लोगों की विभिन्न कारणों से मौत हो चुकी है। जिसमें से 145 लोगों की मौत भूसखलन, बाढ़ और बादल फटने के कारण हुई है। मानसून के दौरान 2615 मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं। 11022 मकानों को नुकसान हुआ है। 318 दुकानों के साथ 5910 गौशालाओं को नुकसान पहुंचा है।

## आदित्य एल-1 ने बढ़ाई सफलता की ओर एक और कदम चौथी बार कक्षा बदलने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी




बेंगलुरू, 15 सितम्बर [एजेंसी]।

भारत का सौर मिशन आदित्य एल-1 ने चौथी बार सफलतापूर्वक कक्षा बदल लिया है। मिशन ने शुक्रवार देर रात इस प्रक्रिया को अंजाम दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक्स (पहले ट्विटर) पर इसकी जानकारी शेयर की। इसरो ने बताया कि चौथी बार कक्षा बदलने की प्रक्रिया के लिए थ्रस्टर फायर किए गए। इसरो ने कहा कि इससे पहले 3, 5 और 10 सितंबर को सफलतापूर्वक कक्षा बदलने की प्रक्रिया पूरी की गई थी। इस प्रक्रिया को इसरो के बेंगलुरु, मॉरीशस और पोर्ट ब्लेयर स्टेशनों से ट्रैक किया गया। इससे पहले आदित्य एल-1 ने 10 सितंबर को तीसरी बार अपनी कक्षा बदली थी। कक्षा बदलने के साथ ही सौर मिशन सूर्य के और अधिक नजदीक पहुंचते जा रहा है। सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को दो सितंबर की सुबह 11.50 बजे पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। यह मिशन पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर एल-1 प्वाइंट पर जाएगा और वहां से सूर्य के रहस्यों से पर्दा उठाएगा।इससे पहले आदित्य एल-1 ने पृथ्वी और चंद्रमा के साथ एक खास तस्वीर क्लिक की थी, जिसे इसरो ने शेयर किया था।

# मतदान के लिए लंबी लाइनों का झंझट खत्म हरियाणा ईसी ने बनाया क्यू मैनेजमेंट एप



चंडीगढ़, 15 सितम्बर [एजेंसी]।

हरियाणा में मतदान के लिए मतदाताओं को अब घंटों लाइन में खड़े नहीं होना पड़ेगा। निर्वाचन विभाग ने क्यू मैनेजमेंट मोबाइल एप्लीकेशन बनाया है जिससे मतदाताओं को अपनी बारी का पता लग जाएगा। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने बृहस्पतिवार को भारतीय निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त हिरदेश कुमार के साथ बैठक में मोबाइल एप के बारे में अवगत कराया। हरियाणा ऐसा एप बनाने वाला पहला प्रदेश है।लोकसभा चुनावों के मद्देनजर हरियाणा, पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों तथा उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हिरदेश कुमार ने बैठक में मतदाता सूचियों के संशोधन पर विस्तार से जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि हरियाणा में एक करोड़ 95 लाख 48 हजार 846 मतदाता हैं, जिनमें एक करोड़ चार लाख 16 हजार 965 पुरुष और 91 लाख 31 हजार 447 और 434 ट्रांसजेंडर शामिल हैं।राज्य में 19 हजर 863 मतदान केंद्र हैं, जिनमें 5917 शहरों में तथा 13 हजार 946 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।

सभी मतदान केंद्र भू-तल ग्राउंड फ्लोर पर बनाए गए हैं, ताकि दिव्यांग मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। एक मतदान केंद्र में मतदाताओं की औसतन संख्या 984 है। अनुराग अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा में मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया जारी है। गुरुग्राम व फरीदाबाद जैसे बड़े शहरों में ग्रुप हाउसिंग सोसायटी में लोगों को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। पहले किसी भी वर्ष की एक जनवरी को या उससे पहले 18 वर्ष के होने वाले युवा ही मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के पात्र होते थे। अब किसी भी वर्ष की एक जनवरी, एक अप्रैल, एक जुलाई तथा एक अक्टूबर को 18 साल की उम्र होने पर युवा स्वयं को मतदाता के रूप में पंजीकरण करवा सकते हैं।

# शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को तत्काल बर्खास्त करें सीएम..., सम्राट ने रामचरितमानस के अपमान पर नीतीश कुमार को घेरा



पटना, 15 सितम्बर [एजेंसी]।

श्रीरामचरितमानस को पोटेशियम साइनाइड बताने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर पर करारा पलटवार किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से तत्काल सनातन धर्म और श्रीरामचरितमानस का अपमान करने वाले शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की है। सम्राट चौधरी ने कहा है कि घमंडिया आईएनडीआईए गठबंधन सोची-समझी रणनीति के तहत भगवान श्रीराम और श्रीरामचरितमानस का अपमान कर रहा है।अपने पूज्य ग्रंथ और नित्य वंदनीय आराध्यों का अपमान करोड़ों हिंदू जनमानस कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। आने वाला चुनाव चंद्रशेखर और घमंडिया गठबंधन को यह भलीभांति अनुभूति करा देगा कि वोटों के लिए तुष्टीकरण की राजनीत अब नहीं चलने वाली। घमंडिया गठबंधन के नेताओं को जनता सिरे से नकार देगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में आईएनडीआईए गठबंधन की भोपाल में होने वाली रैली को लेकर कटाक्ष किया।मध्य प्रदेश में अक्टूबर के पहले सप्ताह में इंडिया गठबंधन की रैली के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर चौधरी ने कहा कि जो रैली आईएनडीआईए गठबंधन कर रही है तो वहां पर कांग्रेस है, वहां जदयू कहां। राजद कहां है। तो सिर्फ वे वहां अतिथि भूमिका में जाएंगे और फिर लौट आएंगे। मुजफ्फरपुर नाव हादसे के विषय में पूछे जाने पर चौधरी ने कहा कि 17 साल नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री रहने के बावजूद आज भी ऐसी स्थिति है कि बच्चों को शिक्षा के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे बड़ी बदहाली की तस्वीर क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह हाल केवल मुजफ्फरपुर का नहीं है, उत्तर बिहार के कई गांवों के बच्चों को इस स्थिति से गुजरना पड़ता है।ईडी को छापेमारी से संबंध में पूछे गए एक प्रश्न पर चौधरी ने कहा कि एकदम स्पष्ट रहिए गलत है वह गलत ही रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में सीबीआई तब आई थी, जब केंद्र में लालू प्रसाद की यूपीए की सरकार थी।इस स्थिति में क्या कहना, उन्हें तब दूसरा कोई कैसे फंसा सकता है, जब उनकी सरकार के लोग फंसा रहे हैं तो कौन बचा पाएगा।

## अब जेल में कैदी हत्या का षड्यन्त्र नहीं, बनाएंगे अपना भविष्य, दून में बनेगा प्रशिक्षण केंद्र

**देहरादून।** प्रदेश में कैदियों के पुनर्वास और कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण केंद्र खुलने की राह प्रशस्त हो गई है। प्रदेश सरकार ने इसके लिए अनुपूरक बजट में 10 करोड़ रुपये का प्रविधान किया है। अभी शासन को कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव देहरादून जेल ने दिया है। ऐसे में प्रदेश में सबसे पहले यहां विधिवत रूप से कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र संचालित हो सकेगा। केंद्र सरकार ने जेलों के आधुनिकीकरण और कैदियों के कौशल विकास के लिए एक विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। इसमें सजा समाप्त करने के बाद कैदियों को स्वावलंबी बनाने और उन्हें रोजगार प्रदान करने के लिए व्यवस्था बनाने की बात कही गई है। इसके लिए कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र बनाने पर जोर दिया गया है। इस कड़ी में कई प्रदेशों में यह व्यवस्था शुरू हो चुकी है।

## जज साहब से पति ने लगाई गुहार, मेरी पत्नी बोलती नहीं है, मुझे तलाक चाहिए



भोपाल, 15 सितम्बर [एजेंसी]।

भोपाल के कुटुंब न्यायालय से एक चौका देने वाला मामसा सामने आया है। जहां एक पति अपनी पत्नी के कुछ ना बोलने पर आपत्ति जताई है। जिस के कारण पती का मानना है कि उसका वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और वह प्रताड़ित महसूस कर रहा है। पत्नी की इस अजीब हरकतों से पति ने अब एक फैसला लेते हुए कोर्ट में तलाक की मांग की है।पति ने पत्नी को कई डॉक्टरों को भी दिखाया पर उसकी काउंसलिंग के दौरान भी पत्नी पूरे समय चुप ही रही है और डॉक्टरों को भी जवाब देना जरूरी नहीं समझा।

आप को बता दें कि इस पर पति का कहना है कि पत्नी के इस बेरुखे व्यवहार के कारण वह शादी के बाद चार साल में परेशान है जिसके बाद अब वह बेटी की कस्टडी लेकर पत्नी को तलाक देना चाहता है। पत्नी की इस आदत को सुधारने के लिए पति ने कई बार पत्नी को जानबूझकर गुस्सा भी दिलाने कि कोशिश की पर फिर भी कुछ नहीं हुआ। जिसके बाद पत्नी पूरी तरहा उसे नजर अंदाज करती रही। जिसके बाद दोनों में दूरियां बढ़ गई। गौरतलब है कि दोनों की शादी को चार साल से अधिक हो चुके है और एक बच्चा भी है। पति एक निजी कंपनी में उच्च पद पर है वहीं पत्नी गृहणी है।डॉक्टरों से बातचीत के दौरान पत्नी ने बताया कि यदि वह ज्यादा बोलती है तो उसके गले में तकलीफ महसूस होती है जिसके कारण वह लोगों से कम बातचीत करती है। लेकिन उसकी यह समस्या पति बिलकुल समझते ही नहीं है,और पति के बेहद उग्र स्वभाव के कारण दोनों में बहस होती है। इसलिए वह शांत रहना पसंद करती है। वहीं पति ने कई बार बच्ची को चांटा मार कर पत्नी को गुस्सा दिलाने की भी कोशिश की है जिसके कारण वह बीते दिनों से माईके में रह रही है।

## सुपरस्टार गोविंदा की मुश्किलें बढ़ीं! करोड़ों के घपले में आया नाम, जल्द ईओडब्ल्यू करेगी पूछताछ

भुवनेश्वर, 15 सितम्बर [एजेंसी]।

एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के आनलाइन पूंजी घोटाला मामले में बालीवुड सुपर स्टार गोविंदा से ओडिशा क्राइम ब्रांच की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) पूछताछ करेगी। सोलर टेक्नोलॉजी अलायंस (एसटीए) कंपनी पर लोगों को हजारों करोड़ का चूना लगाने का आरोप लगा है। गोविंदा इस कंपनी के ब्रांड एंबेसडर हैं और उन पर लोगों को निवेश के लिए उकसाने का आरोप है। इसलिए क्राइम ब्रांच ईओडब्ल्यू गोविंदा को समन कर भुवनेश्वर बुला सकती है या फिर मुंबई जाकर उनसे पूछताछ कर सकती है। जानकारी के मुताबिक सौर प्रौद्योगिकी अलायंस को 2021 में शुरू किया गया था। कुछ महीने पहले गोवा में कंपनी का एक इवेंट हुआ था, जिसमें अभिनेता गोविंदा शामिल हुए थे।इस कार्यक्रम में शामिल होकर उन्होंने लोगों को एसटीए में पैसा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया।

नतीजतन,गोविंदा की बातों पर विश्वास करते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने इस कंपनी में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने की बात पता चली है। बाद में जांच में पता चला कि कंपनी ने आरबीआई के दिशानिर्देशों का उल्लंघन किया है। यहां तक कि यह भी पाया गया कि कंपनी क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से धोखाधड़ी कर रही थी। इस संदर्भ में भुवनेश्वर की ईओडब्ल्यू में भी बहुत सारी शिकायतें दर्ज की गई हैं, जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई है।

## बस्तर को रेलमार्ग की आस... भाजपा की परिवर्तन यात्रा में तीखे सवालों से कांग्रेस परेशान



रायपुर, 15 सितम्बर [एजेंसी]।

बस्तर में अपना खोया जनाधार दोबारा पाने मां दंतेश्वरी की नगरी से निकली भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल बस्तर से बाहर के नेता तीखे सवालों से खासे परेशान हो रहे हैं। बस्तर-राजधानी से रेलमार्ग से कब तक जुड़ेगा। नगरनार स्टील प्लांट किसके हाथ रहेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन कब बनेगा, जैसे सवाल सामने आते ही परिवर्तन यात्रा में शामिल नेता असहज हो रहे हैं।

पत्रकारवार्ता में बस्तर के इन मुद्दों पर सवाल उठते ही नेता अगल-बगल ताकते दिख रहे हैं। परिवर्तन यात्रा के बस्तर के संभागीय मुख्यालय पहुंचने पर पार्टी कार्यालय में पत्रकारवार्ता में जब तक वे अपनी बात रखते रहे, सब कुछ ठीक चला लेकिन जैसे ही इन मुद्दों से जुड़े सवाल सामने आए, सभी भाईसाहब हाथ जोड़कर निकल लिए।जब टिकट के लिएपकड़े पर्यवेक्षक के पैरसरकार के कामकाज का आम जनता व पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से फीड बैक लेने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने हिमाचल के एक कांग्रेसी विधायक को पर्यवेक्षक बनाकर दुर्ग संसदीय क्षेत्र में भेजा, लेकिन विधानसभा चुनाव लड़ने के दावेदार पर्यवेक्षक को स्क्रीनिंग कमेटी का सदस्य समझकर उनके पास पहुंच गए। दावेदारों ने अपना बायोडाटा भी साथ रखा था। एक महिला दावेदार ने पर्यवेक्षक को अपना बायोडाटा देने के साथ ही उनका चरण स्पर्श भी किया।

पर्यवेक्षक महोदय भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए और बिना कुछ बोले-बताए कमरे में चले गए। इस दौरान मौके पर पहुंचे कुछ सीनियर नेताओं ने बताया कि ये स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य नहीं सरकार के कामकाज की जानकारी लेने पहुंचे पर्यवेक्षक हैं। यह सुनते ही सभी दावेदार एक दूसरे से कहने लगे कि पहले ठीक से पता क्यों नहीं किया।

## घरवालों से बगावत पर उतारू बेटी बोली- बेरहम पिता बेल्ट से पीटता है, बाप ने कहा- गुटखा खाती है, साथ नहीं रखूंगा




आगरा, 15 सितम्बर।

माता-पिता के सानिध्य में भाई और बहनों के साथ खेलने की उम्र में 11 वर्ष की बालिका ने बगावत कर दी। बात मामूली थी, बेटी ने कमरे में पानी फैला दिया था। पिता को इतना गुस्सा आया कि उन्होंने बेल्ट से उसकी पिटाई कर दी। पिटाई से आहत बेटी घर छोड़कर चली गई। आठ दिन बाद पुलिस को मिली, लेकिन घर जाने से इनकार कर दिया। वहीं पिता भी उसे घर ले जाने को तैयार नहीं हुआ। पिता-पुत्री के बीच फंसी पुलिस ने समझौते की कोशिश नाकाम होने के बाद बेटी को बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया। इसके बाद उसे कानपुर स्थित राजकीय बालगृह (बालिका) भेज दिया गया। मामला सदर थाना क्षेत्र के मोहल्ले का है। 31 अगस्त को मजदूर पिता ने 11 वर्षीय इकलौती बेटी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। सदर पुलिस ने उसे खोजने के लिए इंटरनेट मीडिया की मदद ली। नौ सितंबर को बालिका मिल गई। पुलिस ने बालिका के परिजनों से संपर्क किया।बालिका का कहना था कि पिता के साथ रहना नहीं चाहती। बालिका के पिता को बुलाया गया तो उसने भी साथ ले जाने से साफ इनकार कर दिया। यहां तक कि वह लिखित में भी दे गया। समिति द्वारा उसकी काउंसलिंग कराई गई, लेकिन वह घर जाने के लिए तैयार नहीं हुई। पुलिस ने बुधवार को दोबारा उसे बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया। समिति की सदस्यों ने उसे राजकीय बाल गृह (बालिका) कानपुर भेजने के आदेश दिए हैं। मामले के विवेचक एसआई हरीश ने बताया कि पिता और पुत्री एक दूसरे के साथ से इनकार करते रहे।

बालिका की काउंसलिंग भी कराई, लेकिन वह नहीं मानी। उन्होंने बताया कि लापता बालिका पांच दिन फतेहाबाद मेले में रही थी। तीन बच्चों में सबसे बड़ी बालिका ने काउंसलिंग के दौरान पिता को बेरहम बताया। उसका कहना था कि तीसरी कक्षा में ही उसकी पढ़ाई छुड़वा दी। पिता छोटी-छोटी बात पर बेल्ट से पीटते हैं। कई बार उसे उल्टा लटकाकर पिटाई की, वह किसी हालत में पिता के साथ नहीं रहना चाहती है। उसने यह भी बताया कि वह पिटाई के कारण पांच बार घर से भाग चुकी है। वहीं पिता का कहना था कि बेटी बुरी आदत का शिकार है। वह गुटखा खाती है। बात नहीं सुनती और बार-बार भागती है, इसलिए नहीं रखूंगा। वहीं उसकी मां थाने में मिलने तक नहीं पहुंची। वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्ग विजय सिंह कहते हैं कि कानून के अनुसार यदि इस तरह की स्थिति बनती है तो बालक-बालिका को बाल कल्याण समिति के आदेश पर सरकारी आश्रय स्थल भेजा जाएगा।

# मध्य प्रदेश में में 304 बाघों की हुई मौत, अवैध कटाई और अतिक्रमण से सिमट रहे जंगल की कहानी

भोपाल, 15 सितम्बर [एजेंसी]।

देश में सर्वाधिक 785 बाघ मध्य प्रदेश में हैं। हम लगातार टाइगर स्टेट बने हुए हैं, लेकिन बाघों को बचाने की बड़ी चुनौती भी है। जनवरी से अगस्त 2023 तक 32 बाघों की मौत विभिन्न कारणों से हो चुकी है। पिछले दस साल में यह आंकड़ा 304 रहा है।मौत के आंकड़े देखें, तो पिछले चार साल में प्रदेश में 134 बाघों की मौत हुई है। इनमें से 35 मामले शिकार के हैं। जबकि आपसी लड़ाई, कुएं में गिरने या सड़क दुर्घटना में 80 बाघों की मृत्यु हुई हैं। वन्य प्राणी विशेषज्ञों का मानना है कि बाघों के संरक्षण के लिए नए क्षेत्र विकसित करने होंगे। वर्ष 2010 में मध्य प्रदेश से टाइगर स्टेट का दर्जा छिना था, इसके बाद शुरू हुए बाघ संरक्षण के प्रयासों का नतीजा रहा कि पिछली गणना में प्रदेश को टाइगर स्टेट का दर्जा फिरमिल गया। हालांकि बाघों के संरक्षण के लिए वन अमला भी बढ़ाना पड़ेगा।वर्तमान में वनरक्षक, वनपाल, उप वनक्षेत्रपाल और वन क्षेत्रपाल के डेढ़ हजार से अधिक पद रिक्त हैं। मानव दायरा बढने से सिमट रहे जंगल, शहर तक आ जाते है बाघ मानव का दायरा जंगल के भीतर जा पहुंचा है। लगातार हो रहे अतिक्रमण, अवैध कटाई के कारण जंगल सिमट रहे हैं। एक बाघ की टेरेटरी 40 से 50 वर्ग किलोमीटर की होती है। बाघों का बढ़ता कुनबा और घटते जंगलों के



कारण बाघ शिकार की तलाश में गांव और शहर तक आ जाते हैं। इसके लिए अब जंगल बढ़ाना होगा और बाघों के संरक्षण के प्रभावी प्रयास करना होगा।लंबे समय से बाघों के लिए नए नेशनल पार्क बनाने की बात की जा रही है,लेकिन इसे सरकार की नाकामी कहे या अधिकारियों की लापरवाही, पार्क अब तक नहीं बन सके हैं। स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स का गठन भी नहीं हुआ है। पिछले बार की गणना के मुकाबले 185 बाघ बढ़े मध्य प्रदेश ने बाघ संरक्षण के मामले में देश में फिर कीर्तिमान स्थापित किया है। बाघ गणना की रिपोर्ट बताती है कि पिछले बार के मुकाबले 185 बाघ बढ़े हैं। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि टेरिटरी के लिए आपसी संघर्ष और शिकार की घटनाएं नहीं होतीं तो मध्य प्रदेश में आज आठ सौ से अधिक बाघ होते।1971 में लगाया शिकार पर प्रतिबंध, बाघ पुनर्स्थापना के हुए थे प्रयास सितंबर 1971 में मध्य प्रदेश में बाघों के शिकार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया। आखिर बाघ प्रजाति को बचाने के लिए भारत सरकार ने एक अप्रैल 1973 को बाघ परियोजना की घोषणा की।इसमें मध्य प्रदेश के कान्हा सहित देश के सात नेशनल पार्कों को शामिल किया गया। इसके बाद 1993 में बांधवगढ़, 1992 में पेंच, 1994 में पन्ना, 1999 में सतपुड़ा और 1975 में संजय दुबरी नेशनल पार्क को टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया। इसी तरह वर्ष 2007-08 में पन्ना टाइगर रिजर्व से बाघ समाप्त हो गए थे। इसका कारण शिकार था। तब देश में पहली बार बाघ पुनर्स्थापना के प्रयास हुए। विशेषज्ञ की राय वर्ष 2008 से स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स (एसटीपीएफ) बनाने की बात हो रही है,चार राज्य बना चुके हैं, लेकिन मप्र में नहीं बना है। स्टेट वाइल्ड लाइफ क्राइम ब्यूरो भी नहीं बनाया जा सका। हालांकि यह ब्यूरो तमिलनाडू बना चुना है।फोर्स और ब्यूरो का गठन होता है तो शिकारियों की रोकथाम होगी। वन माफिया,अवैध कटाई,खनन और शिकार को संरक्षण देने के लिए एसटीपीएफ का गठन नहीं किया जा रहा है। इसको लेकर हाई कोर्ट में केस भी विचाराधीन है। अपराधियों को पकड़ने के लिए कड़े प्रविधान लागू नहीं होंगे तो ऐसा ही होगा।

# कार के बहाने कई लाख ठगे, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** स्विफ्ट डिजायर कार का पांच लाख रुपये में सौदा कर पांच लाख रुपये से अधिक की ठगी करने के मामले में न्यायालय के निर्देश पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपित प्रमोद शुक्ला के विरुद्ध धारा 420, 406 के तहत चार सौ बीसी का अपराध दर्ज कर लिया है।

बता दें कि गोविंदपुर गांव के कुमदा कालोनी निवासी विकास कुमार प्रधान पिता प्रकाश प्रधान ने 22 मई 2020 को प्रमोद शुक्ला पिता विजय शंकर शुक्ला तेदुडीपा खेतपारा रायगढ़ से उसकी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 13 एडी 6856 का पांच लाख रुपये में सौदा किया था। कुछ समय बाद आरोपित प्रमोद शुक्ला ने उसे बताया था कि वाहन चोलामंडलम से फाइनेंस है और साढ़े चार लाख रुपये बतौर किश्त अदायगी करना है। 50 हजार रुपये नगद देने पर वह वाहन उसे देगा और पूरी किश्त अदा होने के बाद वह वाहन उसके नाम से ट्रांसफर कर देगा। उसके बाद फोनपे के माध्यम से दो बार में विकास प्रधान द्वारा उसके खाते में 50 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए और प्रमोद शुक्ला ने उसे अपनी कार दे दी थी। जुलाई 2020 में विकास का दोस्त कार लेकर जमशेदपुर झारखंड गया था। जहां कार को पुलिस ने जब्त कर लिया था। वाहन प्रमोद शुक्ला के नाम से होने के कारण प्रमोद शुक्ला ने न्यायालय से वाहन को सुपुर्दनामे में ले लिया और वाहन मांगने पर उसने कहा कि पूरी किस्त जमा होने के बाद वह उन्हें वहां देगा। जिस पर विकास प्रधान ने जल्दी-जल्दी पूरी किस्त जमा कर उससे वाहन की मांग की, तो उसने धमकी देते हुए वाहन देने से इनकार कर दिया। विकास प्रधान ने विश्रामपुर थाना प्रभारी समेत एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने से व्यथित विकास ने सूरजपुर न्यायालय में परिवाद दायर किया। न्यायालय के निर्देश पर बिश्रामपुर पुलिस ने बुधवार को आरोपित प्रमोद शुक्ला पिता विजय शंकर शुक्ला निवासी तेंदुपारा खेतपारा रायगढ़ के विरुद्ध धारा 420, 406 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## रामानुजगंज विधानसभा में दावेदारों ने शुरू किया जनसंपर्क



**रामानुजगंज।** उत्तर छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों में एक रामानुजगंज में भाजपा ने पुराने चेहरे पर दांव लगाते हुए रामविचार नेताम को प्रत्याशी घोषित कर दिया है वहीं अब तक कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित नहीं होने पर सभी दावेदार जोर आजमाइश कर रहे हैं। इस बीच विधायक बृहस्पत सिंह ने भी जनसंपर्क तेज कर दिया है।

अंबिकापुर महापौर डॉक्टर अजय तिर्की भी जनसंपर्क में पीछे नहीं है।डा तिर्की ने बलरामपुर शहर में जनसंपर्क किया।उन्होंने कहा कि मैं भी रामानुजगंज विधानसभा से टिकट का दावेदार हूं।यह मेरी कर्म भूमि है।अंबिकापुर महापौर डॉक्टर अजय तिर्की इसके पूर्व भी रामानुजगंज विधानसभा से टिकट के दावेदार रह चुके हैं। इस बार फिर उनकी दावेदारी ने कांग्रेस में हलचल तेज कर दी है। डॉ अजय तिर्की रामानुजगंज विधानसभा के चिर परिचित चेहरा रह चुके हैं कभी बलरामपुर रामानुजगंज जिले के दूरस्थ सनवाल क्षेत्र में डॉक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं,जहां से उन्हें अपनी विशिष्ट पहचान चिकित्सीय सेवा में बनाई थी। इसके बाद वे रामानुजगंज बीएमओ का कार्य संभालने के दौरान क्षेत्र में लोकप्रियता हासिल की थी इसके बाद ही वह अंबिकापुर महापौर बने थे।उनके जनसंपर्क से रामानुजगंज विधानसभा का राजनीतिक पारा चढ़ गया है। उन्होंने कहा कि टिकट का एक मैं भी दावेदार हूं, यदि पार्टी टिकट देती है तो रामानुजगंज विधानसभा से कांग्रेस के जीत सुनिश्चित करूंगा। उधर रामानुजगंज विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित होने का इंतजार है।भाजपा का प्रत्याशी घोषित होने के बाद रामानुजगंज विधानसभा के लोगों को बेसब्री से कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित होने का इंतजार है। कई प्रकार की अटकलें लोगों के द्वारा लगाई जा रही है।

## जमीन कब्जाने को लेकर लोगों ने निकाले हथियार



**लखनपुर।** वन भूमि में कब्जे को लेकर दो गांव के ग्रामीणों के बीच विवाद बढ़ता जा रहा है। वन विभाग इसे लेकर मूकदर्शक बना हुआ है। वन भूमि से अतिक्रमण हटाने और विवाद खत्म करने को लेकर अब तक वन विभाग के द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं किया गया है। वन भूमि में कब्जे को लेकर आज दो गांव के ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई।

वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह मामले को शांत कराया है। सरगुजा जिले के लखनपुर वन क्षेत्र के कटिंदा सर्कल के खाचाकूड़ा जंगल का है। जहां कई वर्षों से ग्राम कोसंबा के ग्रामीणों के द्वारा वन भूमि पर अवैध रूप से लकड़ी का झाला बनाकर कब्जा किया गया है। ग्राम बेलदगी के ग्रामीणों के द्वारा जंगल में अवैध अतिक्रमण को लेकर लंबे समय से विरोध किया जा रहा है। सरपंच के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाए जाने तथा कब्जा किए गए बंद होने पर पौधारोपण किया जाने को लेकर कई बार वन परिक्षेत्र अधिकारी से वन मंडल अधिकारी सरगुजा को ज्ञापन सौंपा गया है।परंतु आज दिनाक तक अतिक्रमण हटाए जाने तथा विवाद को सुलझाने वन विभाग की ओर से कोई सार्थक कदम नही उठाया गया है। जिसे लेकर ग्राम बेलदगी के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। बेलदगी के आक्रोशित ग्रामीण बड़ी संख्या में खांचाकूड़ा जंगल पहुंचे और ग्राम कोसंगा के ग्रामीणों द्वारा कब्जे किए गए वन भूमि पर बेलदगी के ग्रामीणों के द्वारा लकड़ी का झाला बनाकर कब्जा करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान दो गांव के ग्रामीणों के बीच कब्जे को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया। इसकी सूचना लखनपुर वन विभाग को मिलते ही वन विभाग की पूरी टीम मौके पर पहुंची और किसी तरह मामले को शांत कराया।

गौरतलब है कि राजनीतिक दबाव के कारण वन विभाग के द्वारा अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई करने को लेकर आनाकानी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि खाचाकूड़ा जंगल से अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो आने वाले समय में ग्राम बेलदगी के समस्त ग्रामीण के द्वारा वन भूमि में कब्जा कर मकान बनाया जाएगा। आरोप है कि कांग्रेस के कुछ स्थानीय नेताओं के द्वारा ग्राम पंचायत कोसगा के ग्रामीणों को भड़काया जा रहा है। जंगल की बेदर्दी से कटाई कर कर कब्जा दिलाने का खेल चल रहा हैं। यही नही स्थानीय नेता द्वारा वन विभाग के आला अधिकारियों को और बेलदगी पंचायत के ग्रामीणों के ऊपर दबाव बनाया जा रहा है।

## अनंतनाग में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई कोरिया में



**बैकुंठपुर।** अनंतनाग में शहीद हुए रणबाकुरो को बैकुंठपुर के मिनी स्टेडियम के शहीद स्मारक पर पूर्व सैनिक संगठन के तत्वाधान में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा 2 मिनट मौन रखकर शाहिद रणबाकुरो को याद किया गया । जिसमें उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ,उपाध्यक्ष शैलेश शिवहरे , नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव ,सैनिक कल्याण बोर्ड के अधिकारी कमांडर रणजीत सिहं बिष्ट ,सार्जेंट राकेश शिवहरे , कप्तान उमाकांत तिवारी, पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष सूबेदार सुनील कुमार सिंह, हवलदार राजेश तिवारी, मोहम्मद कलीम, सुरेश सोनी , अशोक कोस्टा, बी सी सरकार, रमाकांत छाटा, सी मंडल , डी डी मिश्रा, नेमा , आलोक बरेडिया, सौरव सिंह, सुभाष साहू, घनश्याम साहू एवं गणमान व्यक्ति उपस्थित थे।

## 25 तक मनाया जाएगा वजन त्यौहार



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले में 0 से 6 वर्ष के बच्चों में पोषण स्तर के आंकलन हेतु समुदाय की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी वजन त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। शत-प्रतिशत बच्चों की वृद्धि निगरानी को दृष्टिगत रखते हुए वजन त्यौहार की अवधि को 25 सितंबर 2023 तक के लिए बढ़ाई गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने वजन त्यौहार के संबंध में बताया हैं कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 01 सितंबर से 13 सितंबर तक वजन त्यौहार आयोजित किया जाना था। जिसकी समय सीमा में वृद्धि करते हुए अब 25 सितंबर 2023 तक बढ़ाई गई है। इसका उददेश्य जन-जन को कुपोषण के प्रति जागरूक करना, बच्चों का डेटाबेस तैयार करना, कुपोषण कम करने हेतु कार्ययोजना बनाना तथा लक्षित बच्चों को चिन्हांकित करना है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि 0 से 6 वर्ष के बच्चो के माता-पिता 25 सितम्बर तक नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर अनिवार्य रूप से बच्चों का वजन कराएं और पोषण स्तर को जानने का प्रयास करें। जिले के आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों का वजन लिया जा रहा है। कुपोषण बच्चों में व्याप्त एक बीमारी है, जिसके होने से बच्चों का शारीरिक विकास पूर्ण रूप से नहीं हो पाता।

## विरोध और दबाव तेज होने पर अब कई रेलगाड़ियां आएंगी ट्रैक पर



**कोरिया।** एक ओर देशभर में सैकड़ों ट्रेनों के रद होने के विरोध में कांग्रेस आंदोलन कर रही है वहीं दूसरी ओर पश्चिम मध्य रेलवे ने सुधार व तकनीकी कार्यों का हवाला देकर 20 सितंबर से कई यात्री गाड़ियों को एक पखवाड़े के लिए फिर से निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया है। प्रभावित होने वाली ट्रेनों में अंबिकापुर जबलपुर और हजरत निजामुद्दीन-अंबिकापुर साप्ताहिक ट्रेन भी शामिल है।

बता दें कि बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने देश भर में लगातार ट्रेनों की आवाजाही निरस्त करने के विरोध में रेलवे स्टेशनों में यात्री क् मालगाड़ियों को रोक कर प्रदर्शन किया था। कांग्रेस ने कहा कि नागरिकों की सुविधा को दरकिनार कर मनमाने तरीके से ट्रेनों को निरस्त कर दिया जा रहा है। बहरहाल कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बावजूद रेल प्रबंधन फिर से ट्रेनों को निरस्त करने की तैयारी में है। पश्चिम मध्य रेलवे के आदेश के अनुसार जबलपुर और कटनी रेल खंड से चलने वाली कई ट्रेन पखवाड़े भर तक बंद रहेंगी। इस लाइन में यार्ड से मुख्य लाइन के बीच तकनीकी कार्य किया जाना है। इसके तहत 20 सितंबर से 5 अक्टूबर तक इस मार्ग में दर्जनभर से अधिक यात्री गाड़ी निरस्त या आधे रास्ते तक ही चलेंगी। 20 सितंबर से पांच अक्टूबर तक कई ट्रेनों का परिचालन स्थगित रहने से यात्रियों को फिर से परेशानी उठानी पड़ेगी। सरगुजा संभाग से चलने वाली गिनती की यात्री गाड़ियों को एक पखवाड़े तक नहीं चलाने से अनूपपुर, कटनी, भोपाल, दिल्ली की यात्रा के लिए दूसरी ट्रेनों का सहारा लेना पड़ेगा। आने वाले समय में कई त्योहार पड़ रहे हैं। ऐसे में लोगों की परेशानी बढ़नी तय है।

## जिले के तीन स्वामी आत्मानंद स्कूलों में बनेगा एआई क्लब

**रायपुर।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवाचार हो रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की उपस्थिति में आज जिला प्रशासन और आईजेब्रा.एआई के मध्य एमओयू हुआ। जिसके तहत जिले के तीन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंगलिश मीडियम स्कूल (स्श्वत्नश्वस्र) में डेटा-एआई क्लब का गठन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वतंत्रता दिवस पर अगले शिक्षा सत्र से स्कूली बच्चों के पाठ्यक्रम में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी अत्याधुनिक तकनीकी की जानकारी पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा की है। जिला प्रशासन ने इसी दिशा में त्वरित क्रियान्वयन करते हुए यह कदम उठाया हैं। यह महत्वपूर्ण कदम उठाने वाला रायपुर पहला जिला है। इस एमओयू में जिला प्रशासन की तरफ से जिला पंचायत के सीईओ अबिनाश मिश्रा और कम्पनी के निर्देशक चिरंजीवी मडाला ने हस्ताक्षर किया।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की मौत, सहम उठा इलाका

**बलरामपुर।** जिले में आसमानी कहर बरपा है. आकाशीय बिजली की चपेट में आने से ग्रामीण की मौत हो गई है. जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। बता दें कि, आज सुबह युवक अपने घर के बाहर बकरी बांध रहा था. उसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई है. पूरा मामला चांदो थाना क्षेत्र के चुरुंडा गांव का बताया जा रहा है. घटना के बाद परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बलरामपुर जिले जले के शंकरगढ़ थाना इलाके बेलसर गांव में दो अलग-अलग जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई। वहीं पांच लोग घायल हो गए है। घटना बुधवार शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के शंकरगढ़ थाना इलाके बेलसर गांव बुधवार शाम करीब 5 बजे दो अलग-अलग जगहों में आकाशीय बिजली गिरी है जिसने खेत में काम कर रहे छह लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार ग्रामीणों की मौत हो गई। जिसमें मनशु, कुंती, प्रितम, विपिन कुजूर शामिल हैं इनमें एक ही परिवार के तीन लोग है। वहीं एक दूसरे खेत काम कर रहे हैं 5 ग्रामीणों सहित दो बच्चो पर भी गाज गिरी जिसमें मुनिया पति जामकरन निवासी बेलसर, प्रतिमा पति विपिन कुजूर निवासी बेलसर, प्रियंका पति सुखदेव नगेशिया, सम्मी पिता धनसाय, मल्ली पति रंगु नगेशिया, अंजना पिता सुखदेव, संदीप पिता सुखदेव नगेशिया, निवासी बांसडीह थाना शंकरगढ़ पर भी गाज गिरी और वे सभी गंभीर रूप से झुलस गए। सभी घायलों को उपचार के लिए शंकरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया है।

## चोरी की एक्टिवा बेचने का प्रयास,चोर पकड़ाया

**रायपुर।** रायपुर की गंज थाना पुलिस ने चोरी की एक्टिवा वाहन को बेचने का प्रयास कर रहे एक चोर को गिरफ्तार किया है तथा चोरी की एक्टिवा वाहन जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस को सूचना मिली कि थाना गंज क्षेत्र में एक व्यक्ति अपने पास दोपहिया वाहन रखा है तथा बिक्री की फिराक में ग्राहक तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना गंज पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना मोतीलाल यादव उर्फ विन्स यादव निवासी भिलाई जिला दुर्ग का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा दोपहिया वाहन के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत न करते हुए लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी 04 एलबी 0939 को जप्त कर उसके विरूद्ध धारा 41(1+4) जा. फौ./379 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर कार्यवाही की गई।

## डेंगू के इलाज के लिए जारी गाइड लाइन का पालन नही करने वाले 25 निजी अस्पतालों को नोटिस जारी

**रायपुर।** डेंगू के इलाज में गाइड लाइन का पालन नहीं करने पर राजधानी रायपुर के 25 निजी अस्पतालों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय की ओर से नोटिस जारी किया गया है। तथा इन अस्पतालों से तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। इनमें विद्या हॉस्पिटल, मेडिसिन हॉस्पिटल, स्वास्थ्यम हॉस्पिटल, स्वप्निल नर्सिंग होम, श्रीराम शांति हॉस्पिटल, महानंद हॉस्पिटल, यशवंत हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ डेंटल हॉस्पिटल, अग्रवाल हॉस्पिटल और पेटल्स हॉस्पिटल, पांडे नर्सिंग होम, मातृस्मृति हॉस्पिटल, रामकृष्ण हॉस्पिटल, आरोग्य हॉस्पिटल, श्री लक्ष्मीनारायण हॉस्पिटल, श्रेयान्स मल्टी हॉस्पिटल, बिहान हॉस्पिटल, अवंति हॉस्पिटल और उर्मिला मेमोरियल हॉस्पिटल, वी केयर हॉस्पिटल, एचएम हॉस्पिटल, नवकार हॉस्पिटल, वैदेही हॉस्पिटल शामिल है।

## रोजगार में मनरेगा जोड़ने वाले रेल में कोरोना काल जोड़ रहे: सरोज



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद सरोज पांडेय ने कांग्रेस द्वारा रेल रद्द करने को लेकर केंद्र सरकार पर लगाए गए आरोपों को कांग्रेस के फर्जी आंकड़ों का मकड़जाल करार देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में रोजगार के आंकड़े में मनरेगा के आंकड़े जोड़ने वाले आज कोरोना काल में बंद रेलों के आंकड़े जोड़कर गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस झूठ का पर्याय है। इसे अपना नाम बदलकर झूठेस कांग्रेस कर लेना चाहिए। कांग्रेस अपने आंकड़ों में कोरोना काल में बंद हुई रेलों को भी जोड़ देती है। कांग्रेस हर मामले में झूठे आंकड़े पेश करती है और उसके आंकड़े हर बार झूठे साबित होते हैं। सत्य यह है कि कोरोना काल में बंद सभी रेलों को शुरू कर दिया गया है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि कांग्रेस द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की रेलों को लेकर फर्जी आंकड़ा जारी किया जा रहा है। पिछले साढ़े तीन साल में 67 हजार से अधिक रेल रद्द करने का झूठ फैलाया जा रहा है। इन रद्द रेलों के कांग्रेसी आंकड़ों में करीब 95 प्रतिशत कोरोना काल के आंकड़े हैं। तब पूरे देश में यात्री रेल सेवा बंद थी।

वित्तीय वर्ष 2022-23 व इस वर्ष अप्रैल से लेकर अब तक ट्रेनों में 78 कोच स्थाई रूप से लगाए गए। रेल यात्रियों की संख्या में इजाफा होने के अवसर पर 2550 कोच अस्थायी तौर पर लगाए गए। अप्रैल माह से अब तक रेल विकास कार्य के दौरान रोजाना चलने वाली गाड़ियों में से सिर्फ एक फीसदी से भी कम गाड़ी रद्द की गई हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ट्रेन के स्टॉपेज बंद करने का आरोप लगाती है जबकि सिर्फ इस वित्त वर्ष अर्थात 22-23 से अब तक विभिन्न स्टेशनों में ट्रेनों के 53 स्टॉपेज दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर रेलवे जोन की कमाई को लेकर कांग्रेस जो सवाल उठाती है, वह अतार्किक है। बेबुनियाद है। केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ में यात्री सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ में रेलवे के लिए 2009- 2014 के 311 करोड़ के मुकाबले 19 गुना बढ़कर मोदी सरकार ने 6008 करोड़ कर दिया है।

## व्यंजनों के साथ सीएम हाउस में मनाया गया तीजा त्योहार

**रायपुर।** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता वंदना राजपूत ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक तीजा पोरा का पर्व मुख्यमंत्री निवास में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाता है। मायके में जो मान सम्मान मिलता है वही स्नेह और मान सम्मान मुख्यमंत्री निवास में सभी बहनों को मिलता है। किसी से कोई भेदभाव नहीं, कोई ऊंचा नहीं, कोई नीचा नहीं सबको आदर सम्मान देना यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विशाल हृदय का परिचय देता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कारण ही ऐसा संभव हो पाया है। अधिकार के साथ महिलाएं मुख्यमंत्री निवास में आती है, 16 श्रृंगार करती है, झूला झूलती है, हंसी टिटौली के साथ सभी सहेलियां आपस में मिलकर नित्य करती है, छत्तीसगढ़िया व्यंजन का आनंद लेती है और हंसी-खुशी से तीजा का पर्व मानती है। मुख्यमंत्री जी महिलाओं की समस्याओं को समझते हैं और उसका निदान भी करने का भरपूर प्रयास करते हैं। महिलाओं को तीजा मनाने अपने मायका जाना होता था लेकिन स्कूल से बच्चों की छुट्टी नहीं, महिलाओं की ऑफिस दफ्तर में छुट्टी नहीं मजबूरन महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास करती और छुट्टी होने पर मायके जाती थी, कांग्रेस सरकार के आने के बाद तीजा की दिन अवकाश की घोषणा की गई थी तब से मां के साथ बच्चे भी अपने मामा के घर जाकर इस तीजा के त्यौहार को आनंद से मनाते हैं। इस अवसर पर पोरा-तीजा तिहार में रंग-बिरंगे परिधानों में प्रदेश के कई हिस्सों से बड़ी संख्या में महिलाएं कार्यक्रम में पहुंची थी। सभी आनंदित एवं प्रफुल्लित थे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि 15 साल भाजपा की शासन रहा लेकिन कभी मुख्यमंत्री निवास में ऐसा आयोजन देखने को नहीं मिलता था। गरीब एवं मध्यम वर्गीय के लिए तो मुख्यमंत्री निवास में जाने का एक सपना रह जाता था।

## नैसर्गिक कोसा से दो लाख से अधिक लोगों को रोजगार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रुद्रकुमार के निर्देशन में विगत पौने पांच साल में रेशम प्रभाग ने दो लाख से लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। रेशम प्रभाग में संचालित नैसर्गिक टसर बीज प्रगुणन एवं संग्रहण कार्यक्रम अंतर्गत 2 लाख 5 हजार 565 लोगों को नियमित रोजगार मिला है। इस योजना अंतर्गत 6386.56 लाख नग नैसर्गिक टसर का ककून का उत्पादन किया गया है। जिससे एक लाख 9 हजार 856 अनुसूचित जनजाति और 19 हजार 196 अनुसूचित जाति के लोगों को रोजगार मिला है। राज्य के दंतेवाड़ा, जगदलपुर (बस्तर), उत्तर बस्तर के तहत कोण्डागांव, नारायणपुर, कांकेर तथा धमतरी, रायपुर, राजनांदगांव, कबीरधाम, दुर्ग, कोरबा, जशपुर, कोरिया जिला वनों से आच्छादित क्षेत्र है। इन सभी जिलों में मूलत: अनुसूचित जाति, जनजाति के परिवार निवास करते है।

# कांग्रेस का आरोप, छत्तीसगढ़ में सभा कर प्रधानमंत्री ने लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की

### ईडी को भेजकर गलत कार्यवाही करवाते है फिर आरोप लगाते है

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस सरकार पर लगाये गये भ्रष्टाचार के आरोपों को कांग्रेस ने खारिज किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा राजनैतिक दुर्भावना वश कांग्रेस सरकार पर गलत आरोप लगाया। कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के एक रूपया का भी प्रमाणित आरोप नहीं लगा पाने वाली भाजपा के प्रधानमंत्री ने झूठ बोला। पहले ईडी को भेजकर गलत कार्यवाही करवाया फिर उसी आधार पर सरकार को बदनाम करने आरोप लगाया। प्रधानमंत्री की ईडी छत्तीसगढ़ की गली-गली घूम रही है। ईडी अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जा कर राजनैतिक आधार पर कार्यवाही कर रही उसके बाद भी ईडी छत्तीसगढ़ में सरकार के कुछ भी हासिल नहीं कर पाई, सिवाय षडयंत्र और झूठी पटकथा के। अभी तक ईडी की जिस झूठी पटकथा को भाजपा के छत्तीसगढ़ के नेता पढ़ते थे दुर्भाग्यजनक है प्रधानमंत्री भी अपनी गरिमा को गिराकर उसी झूठी पटकथा को पढ़ गये।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री रमन सरकार के एक लाख करोड़ के भ्रष्टाचार पर मौन रहे। छत्तीसगढ़ में रमन राज में 36000 करोड के नान घोटाला, अगस्ता और पनामा घोटाला, डीकेएस घोटाला, प्रियदर्शनी सहकारी बैंक घोटाला, ई-टेंडरिंग घोटाला, घटिया मोबाइल खरीदी घोटाला, मच्छरदानी घोटाला, गुणवत्ता हीन एक्सप्रेसवे, अनुपयोगी स्काईवॉक घोटाला, 6000 करोड़ का चिटफंड घोटाला रमन के 4700 करोड़ के शराब घोटाला, 1667 करोड़ के गौशाला घोटाला सहित एक लाख करोड़ से ज्यादा के भ्रष्टाचार के आरोप रमन सिंह पर है लेकिन केवल भाजपा नेता होने के कारण रमन सिंह को मोदी सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भ्रष्टाचार भाजपा के लिए केवल सिलेक्टिव पॉलिटिक्स का राजनीतिक हथियार है। विगत 9 वर्ष के मोदी राज में केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग से ईडी, आईटी, सीबीआई ने जितने आरोपियों को जेल भेजा उससे कई गुना ज्यादा आरोपियों को भाजपा में भेजकर उनके खिलाफ संस्थित जांच भी रोक दिया गया। महाराष्ट्र में नारायण राणे, एकनाथ शिंदे सहित 16 विधायकों पर ईडी आईटी की कार्यवाही लंबित थी, लेकिन भाजपा के साथ आते ही जांचें स्थगित। हाल ही में अजित पवार, छगन भुजबल सहित आठ विधायकों पर ईडी की कार्यवाही लंबित थी अब वे सभी महाराष्ट्र सरकार में भाजपा के सहयोगी हैं। असम में हेमंत बिसवा सरमा, पश्चिम बंगाल में मुकुल राय और शुभेंदु अधिकारी, कर्नाटक में येदुरप्पा के भ्रष्टाचार, खनन माफिया रेड्डी बंधुओं का काला धन भाजपा के संरक्षण में सफेद हो गया। रमेश पोखरियाल निशंक के भूमि एवं जल विद्युत परियोजना में किया गया भ्रष्टाचार भी सर्वविदित है।

2008 से 2022 के बीच गुजरात में 600 करोड़ का कोयला घोटाला हुआ 60 लाख टन कोयला गायब होने के आरोप लगे लेकिन आज तक जांच नहीं। उत्तर प्रदेश में 22 सौ करोड़ का प्रोविडेंट फंड घोटाला हुआ लेकिन मोदी जी उस पर भी मौन रहे। बरेली का चिटफंड घोटाला भी भाजपा के षड्यंत्र से हुआ। दरअसल भाजपा और मोदी सरकार को भ्रष्टाचार से परहेज नहीं केवल राजनीतिक पाखंड है मोदी सरकार का षड्यंत्र विपक्ष की राज्य सरकारों को अस्थिर करने दूसरे दल के नेताओं को डराने धमकाने के लिए केवल भ्रष्टाचार के तथ्यहीन आरोप लगा कर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग कर भाजपा राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने का है।

## चाइल्ड पोर्नोग्राफी पर एनसीआरबी ने संज्ञान लिया इधर एफआईआर दर्ज की पुलिस ने

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने चाईल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा उसके खिलाफ. धारा 67(बी) आई.टी. एक्ट के तहत कार्यवाही की है। बता दें कि भारत सरकार, गृह मंत्रालय एनसीआरबी नई दिल्ली एवं पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर से प्राप्त चाईल्ड पोर्नोग्राफी के प्रकरण साईबर सेल रायपुर को प्राप्त हुये थे तथा प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट रायपुर की साईबर विंग द्वारा प्रकरण में तकनीकी विश्लेषण कर अज्ञात आरोपी की पहचान ओमप्रकाश देवांगन निवासी पारागांव,गोबरा नवापारा के रूप में की गई।


राजीव गांधी
युवा मितान क्लब
युवाओं में
* नेतृत्व क्षमता का विकास
* स्वच्छता अभियान * स्वावलंबन
* शिक्षा एवं सांस्कृतिक सहभागिता को बढ़ावा
* खेलों के माध्यम से स्वस्थ समाज की स्थापना
राजीव युवा मितान क्लब को अब तक
133 करोड़ रूपए का अनुदान
प्रत्येक क्लब को खेल, सांस्कृतिक एवं
सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रतिवर्ष
एक लाख अनुदान
प्रदेश में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में
13242 राजीव गांधी युवा मितान क्लब गठित
S- 38480/1
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

## कबाड़ के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** एसईसीएल की बंद पड़ी खदानों से कबाड़ की चोरी करने के मामले में बांकीमोंगरा पुलिस को अहम सफलता हाथ लगी है। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें से शातिर अपराधी विशाल बतरा भी शामिल है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा जरुरी कार्रवाई कर रही है। बांकीमोंगरा की बंद पड़ी खदान से लोहा की चोरी करने के फिराक में थे। इस बीच विभागीय सुरक्षाकर्मियों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को पकड़ लिया। पुलिस की पकड़ में आया शातिर अपराधी विशाल बतरा भी शामिल है,जो विभिन्न अपराधिक मामलों में कोरबा और कटघोरा जेल की हवा खा चुका है। इसके साथ ही बांकीमोंगरा के पंखादफाई निवासी रज्जे सिंह के साथ ही बालको निवासी विष्णुदास महंत भी पुलिस की पकड़ में आया है। सभी के खिलाफ पुलिस द्वारा जरुरी कार्रवाई की जा रही है।

*__कोरबा।__ हरितालिका तीजा पर्व मनाने को लेकर हिंदू महिलाएं प्राथमिक तैयारी में जुटी हुई हैं। इसी के साथ ब्यूटी पार्लर से लेकर अलग-अलग श्रेणी की दुकानों में भीड़ नजर आ रही है।

# कोयला खदान में वज्रपात से एक डम्पर का टायर फटा, दूसरे के कांच टूटे

## एसईसीएल प्रबंधन को लाखों का नुकसान



**कोरबा।** भारत सरकार के लाभकारी सार्वजनिक उपक्रम साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की दीपका खदान विस्तार में पिछली रात वज्रपात हो गया। इस घटना में 240 टन क्षमता वाले दो भारी डम्पर प्रभावित हुए। एक का टायर फटने के असर से बगल के डम्पर के सामने के कांच टूट गए। और भी स्तर पर यहां नुकसान हुआ। उचित सुरक्षा प्रबंध नहीं करने के कारण यह घटना हुई है।

पिछली रात्रि 10 बजे के आसपास एसईसीएल दीपका विस्तार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली दीपका कोयला खदान में यह घटना हुई। इससे प्रबंधन को न केवल भारी चपत लगी बल्कि उसके मैकेनाइज्ड सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ा। हमारे प्रतिनिधि ने इस बारे में जानकारी दी है कि एसईसीएल दीपका खदान के डम्पर यार्ड जिसे हार्ड स्टैंड के नाम से भी जाना जाता है, वहां आकाशीय बिजली गिरने क घटना हुई। शाम से कोल फील्ड्स में मौसम बिगड़ा हुआ था और हल्की मध्यम गति से बारिश हो रही थी। कुछ घंटे बाद मौसम ने तेवर बदले। इस दौरान भारी गर्जना के साथ इस जगह पर आकाशीय बिजली का गिरना हुआ। बताया गया कि वज्रपात के प्रभाव से एक हेवी डम्पर का पहिया फट गया। जबकि इसकी जोर की आवाज से असर से बगल में खड़े दूसरे डम्पर का कांच क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं नजदीक में ही मौजूद बोलेरो कैम्पर का बोनट भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। प्रबंधन की ओर से बताया कि अकेले डम्पर का एक पहिया फूटने से 22 लाख से ज्यादा की चपत लगी है। जबकि दो अन्य वाहन में जिस तरह से नुकसान हुआ है उससे भी आर्थिक क्षति पहुंची है। चूंकि यह सब प्राकृतिक कारणों से हुआ है इसलिए इसमें जवाबदेही का मसला नहीं है। इन सबके बावजूद संबंधित क्षतिग्रस्त वाहनों के चक्कर में एसईसीएल के कामकाज में कुछ हद तक प्रभाव पड़ना तय माना जा रहा है। इनके सुधार पर अब प्रबंधन को अपनी ओर से खर्च करने पड़ेंगे।

### तड़ित नहीं लगा है क्षेत्र में

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि अत्याधिक जोखिम प्रकृति के कार्य जहां पर होते हैं और जिनके चक्कर में भारी-भरकम लाभ प्राप्त होता है, उस इलाके को वज्रपात और अन्य खतरनाक घटनाओं के प्रकोप से बचाने के लिए विशेष प्रबंध करने की जरूरत नहीं समझी गई है। यहां पर तड़ित चालक स्थापित नहीं किया गया है। इसलिए वज्रपात की घटना नहीं टाली जा सकी। कहा जा रहा है कि अगर प्राथमिकता के साथ इस दिशा में काम किया गया होता तो घटना से बचा जा सकता था।

### बाल-बाल बचे तीन लोग

कई बार ऐसा होता है जब बड़े हादसे होकर रह जाते हैं और देवयोग से जिंदगियां बच जाती हैं। गुरुवार की रात दीपका खदान में वज्रपात की घटना में तीन लोग इसी अंदाज में बच गए। उनके सामने बिजली गिरने की घटना हुई। संबंधित लोग जिनमें जैमको कंपनी के ड्राइवर और कर्मचारी शामिल हैं, क्षतिग्रस्त हुई बोलेरो कैम्पर के अंदर बैठे हुए थे। मौसम बिगड़ने के चक्कर में वे यहां से नहीं जा सके। उनके सामने घटना हुई लेकिन उनका बाल बांका नहीं हो सका। इस घटना से ये लोग हैरान है।

### अब याद आई सुरक्षा की, लगाया नोटिस

आकाशील बिजली गिरने की घटना से आखिरकार एसईसीएल प्रबंधन ने फौरी तौर पर सबक लेना जरूरी समझा। अब उसे सुरक्षा की याद आई। एसईसीएल दीपका के खान प्रबंधक के द्वारा एक आदेश जारी करते हुए कर्मियों को कहा गया है कि बारिश और गर्जना के समय डम्पर और अन्य मशीन के आसपास न रहें और सुरक्षित जगह पर चले जाएं। ऐसा करने से सभी सुरक्षित रह सकते हैं।

## मवेशी ढूंढ़ने निकले ग्रामीण को भालू ने गंभीर रूप से जख्मी किया

### पसरखेत रेंज के ग्राम पतरापाली में हुई घटना



**कोरबा।** जिले के वन मंडल कोरबा अंतर्गत पसरखेत रेंज के पतरापाली गांव में मवेशी(भैस) ढूढ़ने निकले एक ग्रामीण पर भालू ने हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल कोरबा पहुंचाया गया । जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर दशा को देखते हुए सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

भालू के द्वारा हमला किए जाने की यह घटना गुरूवार की देर शाम 8 बजें के लगभग घटित हुई बताया जाता है कि पसर खेत रेंज अंतर्गत पतरापाली गांव निवासी जोत राम पिता साधराम राठिया उम्र 64 वर्ष अपने मवेशी (भैस)को ढूढ़ने जंगल के पास बोईर झूमर टिकरा पहुंचा था तभी उसका सामना एक खुंखार भालू से हो गया। भालू ने देखते ही उस पर हमला बोल दिया इस हमले में जोतराम लहूलुहान हो कर घायल हो गया। इससे पहले वह 15 मिनट तक भालू से लड़ता रहा। ग्रामीण अपनी सांस रोक दी जिससे भालू मृत समझ कर आगे बढ़ गया भालू के जाने बाद घायल जोतराम ने मदद के लिए गुहार लगाई । जिस पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और घायल जोतराम की स्थिति घटना की जानकारी लेने के बाद उसके परिजनों व वन विभाग को सूचित किया। ग्रामीणों की सूचना पर रेंजर तोषी वर्मा के निर्देश पर वन पिभाग के कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और एंबुलेंश बुलाकर घायल ग्रामीण को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया । और उसकी गंभीर दशा को देखते हुए सिम्स अस्पताल रेफर कर दिया । रेंजर ने बताया कि वन विभाग की ओर से घायल के परिजानों को तत्कालित सहायता राशि रूपये 2 हजार दे दी गई है।

### पूरा खर्च वहन करेगा फारेस्ट

डिप्टी रेंजर सहनी राम राठिया घायल व्यक्ति के उचित देखरेख व इलाज सुनिश्चित करने हेतु सिम्स अस्पताल बिलासपुर में घायल व्यक्ति के परिजनों के साथ उपस्थित है। परिजनों से कहा जा रहा है जोतराम के इलाज का पूरा खर्च वन विभाग करेगा। सो बेहतर से बेहतर ईलाज कराए ताकि वन्य प्राणी के हमले में घायल व्यक्ति के प्राण की रक्षा हो सकें।

## कारोबारी को घाटा हुआ तो एसडीओ से गाली-गलौज, अपराध दर्ज




**कोरबा।** जिले की कटघोरा पुलिस ने एक कारोबारी के विरूद्ध आईपीसी की धारा 294, 506 के अंतर्गत अपराध दर्ज किया है। उस पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ सतीशचंद्र पांडेय से गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। उसने इस घटना को लोनिवि के रेस्ट हाउस में अंजाम दिया।

बताया गया कि न्यायालय परिसर में अलग-अलग श्रेणी के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इस काम का टेंडर कटघोरा के एक कारोबारी को प्राप्त हुआ था। इस काम पर लाखों रुपए खर्च किये जा रहे हैं। नियम के अंतर्गत समय-समय पर लोनिवि इंजीनियर को इसका निरीक्षण करना है। इसी कड़ी में एसडीओ पांडेय के द्वारा कार्यस्थल का जायजा लिया गया था जहां पर निर्माण सामाग्री अमानक पाई गई और काम के स्तर को दायरे से बाहर का होना पाया गया। इस आधार पर आगे रिपोर्ट की गई। इसके अनुसार काम के मूल्यांकन किये जाने पर ठेकेदार को चपत लगी। बताया गया कि इससे ठेकेदार प्रतिनिधि राजू नारियल वाला नाराज था। उसने एसडीओ को फोनकर धमकी दी और बाद में रेस्ट हाउस पहुंचकर गाली-गलौज की। इस दौरान वह बार-बार कहता रहा कि एसडीओ के कारण काफी घाटा हुआ है इसलिए वह बदला लेगा। एसडीओ ने इसकी जानकारी अपने ईई को दी जिसके बाद एसडीएम कटघोरा को अवगतत कराया गया।अगली कड़ी में कटघोरा पुलिस ने कार्रवाई की।

## अमावस्या पर सप्तदेव मंदिर में कार्यक्रम

**कोरबा।** सप्तदेव मंदिर में शुक्रवार को भादी अमावस्या उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। सप्तदेव मंदिर की स्थापना के 30वें स्थापना दिवस पर बड़े ही धूमधाम से मनाने का निर्णय मंदिर प्रबंधन ने लिया है। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस दिन प्रातः मंदिर में भगवान की पूजा आरती एवं जात जड़ूला का कार्यक्रम होगा एवं सप्तदेव महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया जायेगा। मंदिर में दोपहर 2 बजे से सायं 7 बजे तक लगभग 501 महिलाओं द्वारा श्री राणीसती दादी चरित्र मानस का भव्य संगीतमय मंगलपाठ किया जायेगा। इस मंगलपाठ हेतु कोलकोता से अनिल लाटा एवं पार्टी द्वारा दादी जी का भव्य संगीतमय मंगलपाठ किया जायेगा इसके पश्चात 56 भोग, गजरा, धमाल एवं महाआरती की जायेगी।

## साधना शिविर की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता

**कोरबा।** सिद्ध आरम परिवार के द्वारा नवरात्रि पर्व में साधना शिविर की तैयारी कराने के लिए प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया है। 14-15 अक्टूबर को जूनिया क्लब विद्युत मंडल कालोनी में साधना शिविर आयोजित होगा। इस साधना शिविर में गुरूदेव कैलाशचंद श्रीमाली के द्वारा गुरूदीक्षा के अलावा विशेष दीक्षा दी जाएगी। धनश्याम बरेठ ने बताया कि राजू महंत व धनश्याम साहू के द्वारा प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया गया है। सक्ति में भी सन्याश दिवस साधना शिविर की तैयारी की जा रही है। यहां पर लता अग्रवाल, दानी बरेठ के द्वारा क्षेत्र में साधकों की बैठक ली जा रही है।

# अभियंता दिवस पर याद किये गए मोक्षगुण्डम विश्वेश्वैरया

**कोरबा।** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने अभियांत्रिकी कौशल का प्रदर्शन करने वाले महान अभियंता मोक्षगुंडम विश्वेश्वैरया को आज उनके 162वें जन्मदिवस पर कोरबा में याद किया गया। यहां के अप्पू गार्डन स्थित विश्वेश्वैरया प्रतिमा स्थल पर छत्तीसगढ़ डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन और कोरबा डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर्स एंड आर्किटेक्ट एसोसिएशन ने उपस्थिति दर्ज कराकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। जिन्होंने अभियंता दिवस पर औपचारिक कार्यक्रम करने के साथ अपने शिरोमणी के प्रति विश्वास जताया। कहा गया कि देश और दुनिया में इंजीनियरिंग का विशेष उदाहरण प्रस्तुत करने वाले मोक्षगुंडम के द्वारा अपने जीवनकाल में जो कुछ किया गया है वह आज भी अनुशरण करने योग्य है और नवीन अभियंताओं को उनसे सबक लेने की जरूरत है।



याद रहे मोक्षगुंडम विश्वेश्वैरया का जन्म 15 सितंबर 1861 को भारतीय सिविल इंजीनियर व मैसूर के दीवान परिवार में हुआ था। उन्होंने अभियांत्रिकी की शिक्षा प्राप्त करने के साथ विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हुए कीर्तिमान स्थापित किये। किंग जॉर्ज ने उनके योगदान को देखते हुए नाइट कमांडर ब्रिटिश इंडियन एम्पायर का पुरस्कार दिया गया। जबकि वर्ष 1912 से 1919 के दौरान उनके विशिष्ट कार्यों का मूल्यांकन करते हुए 1955 में भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से अलंकृत किया। उनके जन्मदिवस पर भारत के साथ-साथ श्रीलंका और कंजानिया में अभियंता दिवस के नाम से मनाने की परंपरा है जो उनके अद्वितीय अभियांत्रिकी को समर्पित है।

## ठप है एसईसीएल-आरएसएस मार्ग की स्ट्रीट लाइट, लोग हो रहे परेशान

**कोरबा।** ठेका आधार पर स्थापना और संचालन व्यवस्था के आधार पर तैयार की गई गुरु घासीदास-एसईसीएल व आरएसएस नगर मार्ग की स्ट्रीट लाइट बेमतलब साबित हो रही है। कई दिनों से यह सुविधा ठप है। रात्रिकालीन आवाजाही करने वाला वर्ग इस मार्ग पर मुश्किल झेलने को मजबूर है।

भले ही एक हिस्से की सड़क का नवीनीकरण कुछ महीने पहले करा दिया गया है लेकिन मुड़ापार बेरियर से सीजीएम एसईसीएल कार्यालय को जाने वाला रास्ता बदहाल है। कमोबेश ऐसी स्थिति आरएसएस नगर की बनी हुई है। इन रास्तों पर वाहनों के आवागमन में लोगों को काफी असुविधा से दो-चार होना पड़ रहा है। वहीं इस पूरे रास्ते पर स्ट्रीट लाइट लंबे अरसे से खत्म है। नगर निगम व एसईसीएल के द्वारा इन मांगों पर रात्रिकालीन सुविधा के नाते स्ट्रीट लाइट की स्थापना पर लाखों रुपए खर्च कराए गए हैं। इसके संचालन का काम ठेका पर दिया गया है। इसके बावजूद स्ट्रीट लाइट किसी काम की नहीं रह गई। इस रास्ते से होकर रात्रि में ड्यूटी के लिए जाने वाले एसईसीएल कर्मियों के साथ-साथ आम नागरिकों को असुविधा से दो-चार होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि एक तो सड़क खराब है उपर से लगातार हो रही बारिश और स्ट्रीट लाइट की अनुपयोगिता परेशानी का कारण बनी हुई है। इस पूरे मामले में न तो एसईसीएल ध्यान दे रहा है और न ही नगर निगम। लोगों ने सवाल खड़े किये हैं कि जब हर तरफ नागरिकों को सुविधा देने के लिए हर संस्था कृत संकल्पित होने का ठोंग कर रही है तो आखिर ये हिस्से उपेक्षा का दंश भोग रहे हैं।

## कोर्ट ने याचिका निरस्त की

**कोरबा।** जाति प्रमाण पत्र के मामले में महापौर राजकिशोर प्रसाद को कोर्ट से राहत बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उसने जाति प्रमाण पत्र को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। भाजपा पार्षद रितु चौरसिया ने महापौर के जाति प्रमाण पत्र को कोर्ट में चुनौती दिया था। वर्ष 2020 से यह मामला कोर्ट के समक्ष विचाराधीन था। तीन साल से सुनवाई चल रही थी। जिला एवं सत्र न्यायालय ने याचिका को खारिज कर दिया। इसपर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने खुशी व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट के निर्णय से साबित होता है कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं।

## परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने बनेगी रणनीति

**कोरबा।** भाजपा की प्रतिवर्तन यात्रा दो दो अलग अलग स्थानों से निकाली जा रही है। एक परिवर्तन यात्रा 21 सिंतबर को पाली विधानसभा पहुंचेगी । यहां पर सभा होने बाद कटघोरा में भी सभा आयोजित की जाएगी । जिसको सफल बनाने के लिए आज कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक होगी। इस बैठक में कार्यकर्ताओं को अलग-अलंग जिम्मेदारी दी जाएगी। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता कसनिया मोड़ से मोटर साइकिल रैली निकालेगें। युवा मोर्चा के उत्तम रणधावा , समजीत सिंह, विवेक मारकण्डे, दिनेश केश्रवानी, जय गर्ग, अनुरान दुहलानी के द्वारा रणनीति बनाई जा रही है। आज होने वाले बैठक में अजा मोर्चा की प्रदेश मंत्री सुनीता पाटले किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष फुलेश्वर राठौर व्यापारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष टेकचंद अग्रवाल, नरेश टंडन, अरूणीश तिवारी,हरीश थरवानीय , सूर्यप्रकाश शर्मा, राजू प्रजापति, राजेन्द्र टंडन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेगें। 21 सिंतबर को ही कटघोरा में सभा होने के बाद परिवर्तन यात्रा कोरबा विधान सभा पहुंचेगी । दर्री में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के द्वारा रैली निकाली जाएगी। इस रैली में जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, सुभाष राठौर,दिनेश सेन, टिंकू रंजन, सिद्धात नारायण सोनी, मौजूद रहेगें। घण्टाघर चौक में सभा होने के बाद दूसरे दिन रामपुर विधानसभा के करतला में सभा होगी। परिवर्तन यात्रा को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष राजीव सिंह पूर्व विधायक लखन देवांगन, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास महंतो पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक चावलानी, वैशाली रत्नपारखी जुटे हुए है।

## कई स्थानों पर जांच-पड़ताल जारी

**कोरबा।** सरकार के निर्देश पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्थान पर चेक प्वाइंट बनाने के साथ पुलिस वाहनों की जांच-पड़ताल कर रही है। अवांछित सामान लाने-ले जाने के अलावा संदिग्ध चेहरों के विरूद्ध कार्रवाई का दौर जारी है। इससे पहले बाइक पर तीन सवारी चलने और अमानक हॉर्न लगाने के प्रकरणों में एक्शन लिया गया। बताया गया कि चुनाव को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार की कार्रवाई करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं जिस पर अमल किया जा रहा है।

# हाथियों की विडियो व सेल्फी लेने ग्रामीण पहुंच रहे जंगल, बढ़ा खतरा

### कटघोरा वनमंडल के कोरबी सर्किल में सक्रिय है तीन दर्जन हाथी

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा के केंदई रेंज के कोरबी सर्किल में 3 दर्जन से अधिक हाथी सक्रिस है। और जंगल में विचरण करने के साथ खेतो में पहुंचकर फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे है। इन हाथियो की फोटोग्राफी करने, विडियो बनाने तथा सेल्फी लेने के लिए बढ़ी संख्या में ग्रामीण घरों सें निकलकर जंगल पहुंच जा रहे है। जिससे खतरा बढ़ गया है।





हालाकि वन विभाग द्वारा हाथी पीड़ित गांव में मुनादी करा कर ग्रामीणों को लगातार सचेत किया जा रहा है और चेतावनी भी दी जा रही है। लेकिन वन विभाग की चेतावनी को दर किनार कर ग्रामीण हरकतो से बाज नही आ रहे रहे हैं जिससे क्षेत्र में हाथियों की फिर बड़े हमले की संभावना बनी हुई हुई है। इस बीच हाथियो का दल लाल पुर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के बाद कोरबी सर्किल अंतर्गत खुरूपारा पहुंच गया है। हाथियो के दल ने खुरूपारा में उत्पात मचाते हुए फिर 24 से अधिक किसानों की फसल रौंद दी है। खुरू पारा में हाथियों के पहुंचने तथा फसल रौंदे जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आकलन शुरू कर दिया। कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में भी 7 से अधिक हाथियो के सक्रिय होने की सूचना मिली है। हाथियो का दल जलके सर्किल में है। और वहां स्थित गांव में किसानों के खेतों में पहुंचका उत्पात मचा रहे है। इस बीच खतरनाक लोनर हाथी चोटिया डपिंग क्षेत्र में पहुंच गया है।

लोनर को आज सुबह यहां देखे जाने के बाद वन विभाग सर्तक होने के साथ ही लोनर की निगरानी में जुट गया है। इस लोनर हाथी ने पिछले सप्ताह इसी क्षेत्र के जंगल हमला कर दो महिलाओं तथा पनगंवा में एक वृद्धा को मौत के घाट उतार दिया था। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था। कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में अभी भी 13 हाथी विचरण रत है।

हाथियों के इस दल ने बीती रात रेंज के गीत कुंवारी गांव में उधम मचाते हुए 5 ग्रामीण के फसल को तहस-नहस कर दिया है। जिससे संबंधित ग्रामीणों को बेहद नुकसान उठाना पड़ा है।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com